18. गृह खर्च रिकार्ड रखने से–
(A) आय व्यय में सन्तुलन रखा जा सकता है (B) व्यय अच्छी तरह किया जा सकता है।
(C) अधिक व्यय पर अंकुश लगाया जा सकता है। (D) अपव्यय को बढ़ाया जा सकता है।

**IV. प्रश्न संख्या (19-22) में दो स्तम्भ दिए गए है स्तम्भ–I की प्रविष्टियों को स्तम्भ–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**

**In the following question (19 to 22) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| | **स्तम्भ (Column)-I** | **स्तम्भ (Column)-II** |
|---|---|---|
| 19. | मांड (स्टॉर्च) | (D) क्रैंच |
| 20. | प्राणिज्य धब्बा | (C) लौह तत्व |
| 21. | गर्भावस्था | (B) सूती |
| 22. | शिशु सदन | (A) दूध |

**V. प्रश्न संख्या 23 से 25 तक परीक्षण प्रकार है । दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़ें तथा दिये गये प्रश्नों का सही उत्तर चुनें–**

**Q. No. 23 to 25 are comprehensive type. Read carefully the passage and select one correct of given four questions. 3× 2 = 6**

जल का विसंक्रमण करने के लिए प्राय: क्लोरीन प्रयोग की जाती है। वाटर वर्क्स में जल शुद्ध करने के लिए विरंजक ब्लीचिंग पाउडर पानी में घुलने के बाद नेसेंट क्लोरीन देता है जिससे पानी शुद्ध हो जाता है। एक गिलास पानी में चाय का एक चम्मच व एक बाल्टी (15–20 लीटर वाली) में चाय के दो या तीन चम्मच ब्लीचिंग पाउडर डालने से पानी शुद्ध हो जाता है।

23. वाटर वर्क्स में जल शुद्ध करने के लिए विरंजक, ब्लीचिंग पाउडर पानी में घुलने के बाद क्या देता है, जिससे पानी शुद्ध हो जाता है –
(A) फिटकरी (B) साबुन (C) नेसेंट क्लोरीन (D) फ्लॉक्स

24. जल का विसंक्रमण करने के लिए क्या प्रयोग करते हैं–
(A) चीनी (B) क्लोरीन (C) फिनाइल (D) $CO_2$

25. एक गिलास पानी को शुद्ध करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर की कितनी मात्रा डाली जाती है–
(A) 5 चाय चम्मच (B) 10 चाय चम्मच (C) 1 चाय चम्मच (D) 2 चाय चम्मच

# SECTION (खण्ड)–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 1 से 8 तक लघुउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है। 8 × 3 = 24**

**Question No. 1 to 8 carry 3 marks each. These questions are of short answer type.**

1. एक व्यक्ति के कपड़ों के चयन व चुनाव पर आयु का क्या प्रभाव पड़ता है? (State the influence of age of a person on the choice and selection of colours in clothes?)
2. प्राथमिक और गौण रंगों के नाम बताएं? (Name the Primary and Secondary colours?)
3. उपभोक्ता के किन्हीं छह अधिकारों के बारे में बताइए? (List any six rights a consumer has?)
4. आय क्या है? पारिवारिक आय के तीन घटकों के नाम बताइए? (What is income? Name the three components of family income?)
5. मानक चिह्न क्या है? इनका क्या महत्व है? (What are standard Marks? Why are these Marks important?)
6. गर्भावस्था के दौरान किन दो पोषक तत्वों की अधिक आवश्यकता होती हैं? (Why do the iron requirements increase during Pregnancy?)
7. असमर्थ व विकलांग बच्चे में अन्तर बतायें? (Differentiate between clisabled and disadvantaged child?)
8. प्राकृतिक व उपार्जित रोगक्षमता में क्या अन्तर है? (Differentiate between natural and acquired immurities?)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 9 से 11 तक दीर्घउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 × 6 = 18**

**Question No. 9 to 11 carry 6 marks each. These questions are of Long answer type.**

9. आहार आयोजन के सिद्धान्त उदाहरण सहित समझाइये। एक किशोरी के लिए एक दिन की भोजन तालिका बनाइए? (Explain with examples the principles of Meal Planning. Plan a day's manu for an adolescent girl?)
10. भाषा विकास को परिभाषित कीजिए। छोटे बच्चों में भाषा का विकास किस प्रकार होता है? (Define Language development. How does the Language develop in small children?)
11. आहारीय मिलावट को परिभाषित कीजिए। खाद्य मिलावट से बचने के उपाय बताइए? (Define Food Adulteration. Discuss steps taken for Protection against food adulteration?)

❑❑❑

StudentBounty.com

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD, PATNA

## उच्च माध्यमिक ( 12वीं ) परीक्षा

## SENIOR SECONDARY( XII[TH]) EXAM.

### प्रारूप प्रश्न पत्र उत्तर एवं मार्किंग स्कीम

**4 अनुत्तरित प्रारूप पत्र सहित**

# कला *(ART)*

# 2010(A)

गृह विज्ञान (Home Science)
मनोविज्ञान (Psychology)
भूगोल (Geography)
इतिहास (History)
राजनीतिशास्त्र (Political Science)
समाजशास्त्र (Sociology)
दर्शनशास्त्र (Philosophy)
अर्थशास्त्र (Economics)

StudentBounty.com


- प्रकाशक :

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना


© बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना


- मूल्य :

30/- (तीस रूपये मात्र)

- मुद्रक :

झारखंड पब्लिकेशन, टाटानगर



## वैधानिक चेतावनी

इस प्रारूप पत्र का कोई भी अंश या उसका उत्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की पूर्वानुमति के बिना मुद्रित या प्रकाशित करना दण्डनीय अपराध होगा तथा कॉपीराइट अधिनियम के विपरीत होगा ।

StudentBounty.com

# ✍अध्यक्ष की कलम से

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (उच्च माध्यमिक) के XIवीं एवं XIIवीं के छात्र-छात्राओं को 2010 की वार्षिक परीक्षा के लिए लगातार दूसरी बार प्रारूप प्रश्न पत्र(Model Question- Answer) उपलब्ध कराते हुए अपार हर्ष हो रहा है। समिति का यह नवीन पहल सरकार की 'शिक्षा' के बारे में एक विशिष्ट दृष्टिकोण पर आधारित है। उच्च माध्यमिक विज्ञान की पढ़ाई को समीचीन एवं युक्तिसंगत बनाने की दिशा में यह मौलिक प्रयास है। राज्य में व्याप्त शैक्षणिक परिस्थिति, आम छात्रों के शिक्षा-स्तर एवं प्रशासनिक सीमाओं को ध्यान में रखते हुए सी. बी. एस. ई. के प्रश्न पैटर्न में थोड़े संशोधन के साथ इस प्रारूप प्रश्न-पत्र की सोच उभरी है । 2009 में XIवीं की परीक्षा का प्रारूप प्रश्न-पत्र उपलब्ध कराते समय समिति ने तय किया था कि 2010 की वार्षिक परीक्षा से भाषा विषयों को छोड़कर सभी विज्ञान/कला/वाणिज्य विषयों में खण्ड- I के रूप में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिनका उत्तर छात्रों को ओ॰ एम॰ आर॰ (Optical Magnetic Recognition) सीट पर देना होगा । 2009 की वार्षिक परीक्षा से हुए अनुभव के आधार पर समिति की यह सोच बनी कि वार्षिक अन्तिम परीक्षा से पूर्व छात्रों को O.M.R. सीट का अभ्यास ज्यादा से ज्यादा कराया जाए ताकि उन्हें OMR सीट भरने में दक्षता हासिल हो जाए और वे गलती न करें।

पिछले वर्ष तैयार कराये गए प्रारूप प्रश्न-पत्र की स्वीकारात्मकता, कदाचार मुक्त परीक्षा तथा छात्रों के आत्मविश्वास की बढ़ोतरी में इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए समिति छात्र संभारण कार्यक्रम (Student Support Programme) के अन्तर्गत इस वर्ष एक ही साथ XIवीं व XIIवीं के छात्रों के लिए सभी संकाय में प्रारूप प्रश्न-पत्र उपलब्ध करा रही है ।

प्रारूप प्रश्न-पत्र के माध्यम से लगभग 200 वस्तुनिष्ठ एवं लगभग 100 गैर वस्तुनिष्ठ स्तरीय प्रश्न देने के पीछे समिति का मुख्य उद्देश्य रहा है—पूर्ण पाठ्यक्रम की पढ़ाई से करवा कर छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करना ताकि वे स्वयं मेहनत कर परीक्षा में सफल हो सकें एवं अच्छे से अच्छा अंक भी प्राप्त कर सकें । समिति का मानना है कि यदि छात्र सभी प्रारूप प्रश्न को हल कर पढ़ लें तथा उनका पूर्णतया अभ्यास कर लें तो उन्हें XIवीं या XIIवीं स्तर के पाठ्यक्रम की शिक्षा का एक औसत से बेहतर स्तर हासिल हो जाएगा और इससे वे अपनी समस्त योग्यताओं का समुचित विकास कर सकेंगे । ऐसे छात्रों को राज्य/देश के स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं का सामना करने में भी आत्मविश्वास रहेगा ।

संकायवार विज्ञान/कला/मानविकी एवं वाणिज्य चार पुस्तकों को छात्रों को उपलब्ध कराया जा रहा है । प्रत्येक विषय के पाँच-पाँच सेट दिये गये हैं जैसा कि गत वर्ष था, **परन्तु इस वर्ष सिर्फ एक मॉडल सेट का ही उत्तर तैयार कराकर दिया जा रहा है** । समिति द्वारा मॉडल प्रश्न-प्रारूप के उपयोगिता के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में लिये गये निर्णय के आलोक में यह संशोधन किया गया है । इस एक मॉडल उत्तर वाले सेट में मार्किंग स्कीम की भी जानकारी दी गई है तथा चार अनुत्तरित प्रश्न-प्रारूप के पीछे उद्देश्य है कि छात्रों में मेहनत करने की प्रवृति हो, साथ ही मॉडल प्रश्न का दुरुपयोग नहीं हो, जैसा कुछ परीक्षा केन्द्रों पर गत वर्ष हुआ था ।

StudentBounty.com

चूँकि राज्य के अधिकांश छात्रों की पढ़ाई हिन्दी माध्यम में होती है, अतः प्रश्न-प्रारूप हिन्दी व अं[illegible] माध्यमों में एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है । इन प्रश्न-प्रारूपों का विश्लेषणात्मक अध्ययन से छात्रों को [illegible] ढंग से प्रश्नों के प्रारूप की जानकारी हो जाएगी।

बिहार बोर्ड के छात्रों से अपील है कि मॉडल प्रश्नों के सभी सेटों का मानक उत्तर शिक्षक व अभिभावक की मदद से तैयार कर लें तथा उसकी समझ बना लें । वार्षिक परीक्षा में इसी पैटर्न पर प्रश्न पूछे जाएँगे तथा इनमें से कुछ प्रश्नों का आगामी परीक्षा में पूछे जाने की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है । कुल मिलाकर इस प्रारूप-प्रश्न के गहन अध्ययन से छात्र अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल होंगे तथा वे विभिन्न उच्च शिक्षण एवं तकनीकी संस्थानों में नामांकन हेतु आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं में आसानी से सफल हो सकेंगे ।

हमें इस बात का अत्यन्त खेद है कि कुछ अपरिहार्य कारण से समय पर मॉडल प्रश्न-प्रारूप हम नहीं दे सके । शैक्षणिक कार्यों को समय पर पूरा नहीं करने की वजह ऐसे कार्यों के लिए अनुकूल ढाँचागत व्यवस्था तथा तकनीकी रूप में दक्ष मानव-शक्ति की कमी रही है । फिर भी यह प्रयास जारी है और जारी रहेगा, ताकि आम छात्रों को शैक्षणिक लाभ भी समिति के माध्यम से मिलता रहे।

मॉडल प्रश्न को तैयार करने में विश्वविद्यालय एवं उच्च माध्यमिक स्तर के सरकारी विद्यालयों के अनुभवी शिक्षकों की मदद ली गई है । ये सभी शिक्षक अपने-अपने विषयों के ख्याति प्राप्त शिक्षक हैं तथा +2 की शिक्षा से लम्बे समय से जुड़े रहे हैं । उनकी मेहनत और दृढ़ सोच के कारण ही मॉडल प्रश्न-पत्र का प्रकाशन इस वर्ष भी दूसरी बार सम्भव हो सका है। मैं समिति की ओर से उन सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ ।

छात्रों से अनुरोध है कि मॉडल प्रश्न-पत्र मिलते ही परीक्षा की तैयारी में लग जाएँ । सारे प्रश्नों को समझकर अभ्यास कर लें । शिक्षक, छात्र एवं अभिभावकों से आशा है कि वे पूर्णतः कदाचारमुक्त परीक्षा में सरकार के प्रयास में मदद करेंगे । स्वाभाविक तौर अब भी मॉडल प्रश्न में कुछ-न-कुछ त्रुटियाँ होंगी । अतः शिक्षकों एवं छात्रों से आग्रह है कि त्रुटियों की ओर समिति का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अपने लिखित सुझाव समिति को दें । शिक्षकों का सहयोग अति आवश्यक है, जो छात्रों की पढ़ाई में मदद करते हैं । राज्य में बेहतर शैक्षणिक माहौल कायम हो, यह सामूहिक प्रयास से ही सम्भव है । इसके लिए समिति कटिबद्ध है और आपका सहयोग अपेक्षित है ।



**प्रो॰ (डा॰) ए॰ के॰ पी॰ यादव**
अध्यक्ष
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,
पटना।

पटना- जनवरी, 2010

StudentBounty.com

# प्रश्न–पत्र का स्वरूप (FORMAT OF MODEL PAPER)

**I. पाठ्यक्रम आधारित :**

सत्र 2008-2010 के पाठ्यक्रम में विभिन्न विषय के लिए प्रस्तावित अंक–विवरण तालिका को यथासम्भव बनाये रखते हुए प्रश्नों का चयन किया गया है । यथा अगर किसी अंश के लिए पाठ्यक्रम में 8 अंक निर्धारित है तो उस अंश से चुने गये सभी प्रकार (वस्तुनिष्ठ, लघु एवं दीर्घ उत्तरीय कोटि) के प्रश्नों का कुल मान यथासम्भव पाठ्यक्रम में निर्धारित मान के लगभग ही रखने की भरपूर कोशिश की गई है । आपको सभी सम्बन्धित विषय के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम की रूपरेखा पुन: उपलब्ध करायी जा रही है ।

**कला संकाय के विषयों को दो कोटि में बाँटा गया है–I(a) कोटि में 70 अंक वाले विषय रखे गये हैं जबकि I(b) में 100 अंक वाले विषय दिए गए हैं ।**

**II. प्रश्नों की कोटि :**

प्रश्न–पत्र को दो श्रेणी में रखना है–

इस खण्ड में कुल मान का 40% मान के वस्तुनिष्ठ कोटि (चार विकल्प सहित) के प्रश्न होंगे ।

I(a) मनोविज्ञान/भूगोल/गृह विज्ञान (कुल अंक 70) — 28 अंक

(b) समाजशास्त्र/इतिहास/अर्थशास्त्र/दर्शनशास्त्र/राजनीतिक शास्त्र (कुल अंक 100) — 40 अंक

सभी विषय में इस कोटि के सभी प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं । सही विकल्प वाले उत्तर को छात्र/छात्राओं को सीधे OMR सीट पर उचित गोले को पेन से भरकर चिन्हित करना होगा । सभी संकायों में 40% वस्तुनिष्ठ कोटि के प्रश्नों को 5 श्रेणी में बाँटकर चयन किया गया है ।

**श्रेणी–1** : इसमें उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक ही सही है ।

**I(a) में 10 प्रश्न तथा I(b) में 25 प्रश्न**

**श्रेणी–2** : इसके अन्तर्गत प्रत्येक प्रश्न में दो कथन/वक्तव्य दिए गए हैं । दोनों वक्तव्यों के दावे व तर्क की विवेचना करनी होगी तथा उन वक्तव्यों की सत्यता जाँचनी होगी । **I(a) में 5 प्रश्न तथा I(b) में 5 प्रश्न**

**श्रेणी–3** : इसमें चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक से अधिक उत्तर सही हो सकते हैं । सभी सही उत्तरों को चिन्हित करना है ।

**I(a) में 3 प्रश्न तथा I(b) के विषयों में इस कोटि के प्रश्न श्रेणी 5 के प्रश्नों के विकल्प के रूप में दिए जाएँगें ।**

**श्रेणी–4** : कॉलम (स्तम्भ) I की चार प्रविष्टियाँ के रूप में चार प्रश्न दिए गए हैं । स्तम्भ (कॉलम–II) में चार विकल्प a, b, c, d दिए गए हैं । स्तम्भ–I की प्रविष्टियाँ के स्तम्भ–II की प्रविष्टियाँ के विकल्प से मिलान करना है ।

**I(a) में 4 प्रश्न तथा I(b) में 4 प्रश्न**

**श्रेणी–5** : ये तीनों प्रश्न एक दिये गए गद्यांश पर आधारित होंगे । गद्यांश के अध्ययन के बाद तीनों प्रश्नों का उत्तर दिए गए चार विकल्प में से देना है ।

**I(a) तथा I(b) दोनों में इस श्रेणी के 3 प्रश्न होंगे, जो प्रत्येक 2 अंकों का होगा ।**

**खण्ड–II :** इस खण्ड में कुल प्राप्तांक का 60 प्रतिशत अंक के गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की दो श्रेणी है–(i) लघु उत्तरीय तथा (ii) दीर्घ उत्तरीय कोटि । लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्नों का उत्तर 50-75 शब्दों के अन्दर तथा दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्नों का उत्तर 150-250 शब्दों के अन्दर मानक माना जाता है ।

कला संकाय में लघु उत्तरीय प्रश्न 3 अंक के हैं, जबकि दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 6 अंक के हैं ।

| | I (a) (कला) | I (b) (कला) |
|---|---|---|
| ● लघु उत्तरीय (3 अंक) | 8 × 3 = 24 | 10 × 3 = 30 |
| ● दीर्घ उत्तरीय (6 अंक) | 6 × 3 = 18 | 6 × 5 = 30 |

प्रश्न–पत्रों के निर्माण के क्रम में इस बात की विशेष सतर्कता रखी गई है कि विषय के पाठ्यक्रम में निर्धारित अध्यायों के लिए तय अंकों के स्वरूप को बरकारार रखा जाये । विभिन्न विषयों में विभिन्न अध्यायों के लिए आवंटित अंकों की विवरणी पाठ्यक्रम निर्देशिका में दी जा चुकी है।

दीर्घ उत्तरीय कोटि के लगभग सभी प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प देने का प्रयास किया गया है, ताकि छात्रों को पाठ्यक्रम के उसी अंश से एक विकल्प मिल जाय ।

StudentBounty.com

विभिन्न इकाइयों के लिए आवंटित अंक तालिका (पाठ्यक्रम के अनुसार)–

## I. इतिहास (History)

| | | |
|---|---|---|
| खण्ड- A : | पुरातत्व एवं प्राचीन भारत (Archeology & Ancient India) | 25 |
| खण्ड- B : | मध्यकालीन भारत( Medieval India) | 30 |
| खण्ड- C : | आधुनिक भारत( Modern India) | 35 |
| | मानचित्र कार्य (Map work) | 10 |
| | | 100 अंक |

## II. राजनीतिशास्त्र (Political Science)

**खण्ड- A :** स्वतंत्रता के समय भारतीय राजनीति(Politics in India since independence)

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I. | एक दलीय प्रभुत्व की दौर(Era of one-party dominance) | 06 |
| इकाई- II. | राष्ट्र निर्माण तथा इसकी समस्यायें(Nation-Building and its problems) | 10 |
| इकाई- III. | नियोजित विकास की राजनीति(Politics Of planned Development) | |
| इकाई- IV. | भारत के विदेश सम्बन्ध(India's Externalrelations) | 06 |
| इकाई- V. | कांग्रेस व्यवस्था की चुनौतियाँ(Challenges to and Restoration of Congress System) | 04 |
| इकाई- VI. | संवैधानिक व्यवस्था का संकट(Crisis of the Constitutional order) | 10 |
| इकाई- VII. | क्षेत्रीय आकांक्षाएँ एवं संघर्ष(Regional aspirations and conflicts) | 04 |
| इकाई- VIII. | नये सामाजिक आंदोलननों का अभ्युदय(Rise of New Social Movements) | 06 |
| इकाई- IX. | लोकतांत्रिक उछाल तथा गठबंधन की राजनीति(Democratic upsurge and coalition parties) | 04 |
| इकाई- X. | अद्यतन मुद्दे एवं चुनौतियाँ(Recent issues and challenges) | 04 |
| | | 54 अंक |

**खण्ड- B : समकालीन विश्व राजनीति (Contemporary World-Polities)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई - I. | विश्व राजनीति में शीत युद्ध का दौर(Cold War Era in world Politics) | 08 |
| इकाई - II. | द्वितीय विश्व का विघटन एवं द्विध्रुवीयता का अवसान<br>(Disintegration of the Second World and the Collapse of Bipolarity) | 12 |
| इकाई - III. | विश्व राजनीति में अमेरिकी प्रभुत्व(US Dominance in World Politics | |
| इकाई - IV. | आर्थिक एवं राजनीतिक सत्ता के वैकल्पिक केन्द्र<br>(Alternative centres of Econornic and Political Power) | 10 |
| इकाई - V. | उत्तर शीत युद्ध-काल में दक्षिण एशिया(South Asia in the Post-cold war Era) | |
| इकाई - VI. | एक ध्रुवीय विश्व में अंतराष्ट्रीय संगठन(International organizations in a unipolar world | 06 |
| इकाई - VII. | समकालीन विश्व में सुरक्षा(Security in Contemporary World) | 04 |
| इकाई -VIII. | विश्व राजनीति में पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन<br>(Environment and Natural Resources in Global politics) | |
| इकाई - IX. | भूमंडलीकरण एवं इसकी आलोचना(Globalisation and its Critics) | 06 |
| | | 46 अंक |

## III. भूगोल (Geography)

खण्ड- A : मानव भुगोल के मूलभूत सिद्धांत( Fundamentals of Human Geography)

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I. | मानव भूगोल(Human Geography) | 03 |
| इकाई- II. | लोग(People) | 05 |
| इकाई- III. | मानव क्रियाएँ(Human Activities) | 10 |
| इकाई- IV. | परिवहन,संचार एवं व्यापार(Transport,communication & Trade) | 10 |

StudentBounty.com

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- V. | मानव अधिवास(Human settlements) | 05 |
| इकाई- VI. | मानचित्र कार्य(Map Work) | 02 |
| | | 35 अंक |

**खण्ड- B : भारत: लोग एवं अर्थव्यवस्था(People and Economy)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई -VII. | लोग (People) | 05 |
| इकाई -VIII. | मानव बस्तियाँ (Human Settlements) | 04 |
| इकाई - IX. | संसाधन एवं विकास(Resources and Development) | 12 |
| इकाई - X. | परिवहन,संचार एवं अन्तराष्ट्रीय व्यापार(Transport,Communication and International Trade) | 07 |
| इकाई - XI. | चुने हुए मुद्दे एवं समस्याओं का भौगोलिक अनुदर्शन (Geographical Perspective on selected issues and problems) | 04 |
| इकाई - XII. | मानचित्र कार्य (Map Work) | 03 |
| | | 35 अंक |

**खण्ड- C : प्रायोगिक कार्य( Practical Work)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I. | ऑकड़ो का प्रकमण एवं विषयक मानचित्रण(Processing of Data and Thematic Mapping) | 15 |
| इकाई- II. | क्षेत्र अध्ययन अथवा स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी या स्थानिक सूचना प्रौद्योगिकी (Field Study or Spatial Information Technology) | 10 |
| इकाई- III. | प्रायोगिक कार्य पुस्तिका एवं मौखिक(Practical Record Book and Viva Voce) | 05 |
| | | 35 अंक |

## IV अर्थशास्त्र (Economics)

**खण्ड- A : प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र( Introductory Microeconomics)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I. | परिचय (Introduction) | 04 |
| इकाई- II. | उपभोक्ता व्यवहार एवं पूर्त्ति (Consumer Behavior and Demand) | 13 |
| इकाई- III. | उत्पादक व्यवहार एवं पूर्त्ति (Producer Behavior and Supply) | 23 |
| इकाई- IV. | बाजार के रूप एवं मूल्य निर्धारण (Forms of Market and Price Determination) | 10 |
| इकाई- V. | मॉग एवं आपूर्त्ति वक्रों के उपादानों के सरल व्यवहार (Simple applications of Tools of demand and supply curves) | |
| | | 50 अंक |

**खण्ड- B : प्रारंभिक समष्टि अर्थशास्त्र (Introductory Macroeconomics)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई - I. | राष्ट्रीय आय एवं संबंधित समुच्चय-मुख्य सिद्धांत एवं मापन (National Income and Related Aggregates_Basic Concepts) | 15 |
| इकाई - II. | आय एवं रोजगार का निर्धारण (Determination of Income and Employment) | 12 |
| इकाई - III. | मुद्रा एवं बैकिंग(Money and Banking) | 8 |
| इकाई - IV. | सरकारी बजट एवं अर्थव्यवस्था(Government Budget and the Economy ) | 8 |
| इकाई - V. | भुगतान शेष(Balance of Payments) | 7 |
| | | 50 अंक |

## V. समाजशास्त्र (Sociology)

**खण्ड-A : भारतीय समाज ( Indian Society)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I. | भारतीय समाज की संरचना (Structure of Indian Society) | 08 |
| इकाई- II. | सामाजिक संस्था–निरंतरता एवं परिवर्तन (Social Institution : Continuity & Change) | 10 |
| इकाई- III. | सामाजिक असमानता एवं बहिष्करण (Social Inequality & Exclusion) | 10 |
| इकाई- IV. | विविधता में एकता की चुनौतियाँ (The Challenges of Unity in Diversity) | 10 |
| इकाई- V. | प्रोजेक्ट कार्य (Project Work) | 20 |

**खण्ड- B : भारत में परिवर्तन एवं विकास (Change and Development in India)**

| | | |
|---|---|---|
| इकाई -VI. | भारत में सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया (Process of Social Change in India) | 08 |
| इकाई -VII. | सामाजिक परिवर्तन एवं राज्य व्यवस्था (Social Change and the Polity) | 08 |

StudentBounty.com

| | | |
|---|---|---|
| इकाई -VIII. | सामाजिक परिवर्तन एवं अर्थव्यवस्था (Social Change & The Economy) | 10 |
| इकाई -IX. | सामाजिक परिवर्तन के नये क्षेत्र (New Areas of Social Change) | 08 |
| इकाई -X. | सामाजिक आन्दोलन (Social Movement) | 08 |
| | | 100 अंक |

## VI. मनोविज्ञान (Psychology)

| | | |
|---|---|---|
| **खण्ड-A :** | **मनोविज्ञान एवं आत्मा (Psychology and self) (Total 90 Periods)** | |
| इकाई- I. | मनोवैज्ञानिक गुणों में विभिन्नताएँ (Variations in Psychological Attributes) | 09 |
| इकाई- II. | आत्म एवं व्यक्तित्व (Self and Personality) | 10 |
| इकाई- III. | जीवन की चुनौतियों का सामना (Meeting Life Challenges) | 07 |
| इकाई- IV. | मनोवैज्ञानिक विकार (Psychological Disorders) | 10 |
| इकाई- V. | चिकित्सा उपागम (Therapeutic Appoaches) | 07 |
| **खण्ड- B :** | **मनोवैज्ञानिक एवं समाज (Psychology and Society) (Total 90 Periods)** | |
| इकाई -VI. | अभिवृत्ति एवं सामाजिक संज्ञान (Attitude and Social Cognition) | 08 |
| इकाई -VII. | सामाजिक प्रभाव एवं समूह प्रक्रम (Social Influence and Group Processes) | 07 |
| इकाई -VIII. | मनोविज्ञान एवं जीवन (Psychology and Life) | 06 |
| इकाई -IX. | मनोवैज्ञानिक कौशलों का विकास (Developing Psychological Skills) | 06 |
| इकाई -X. | प्रायोगिक (A + B) : योजना निर्माण, मनोवैज्ञ्ज्ञनिक परीक्षण एवं केस अध्ययन (पिरीयड)-60 Practicals (A and B) : Projects, Psychological Testing, Case Studies, etc. (60 Periods) | 30 |
| | | 100 अंक |

## VII दर्शनशास्त्र (Philosophy)

| | | |
|---|---|---|
| **खण्ड-A :** | **भारतीय दर्शन (Indian Philosophy)** | **50** |
| इकाई- I. | भारतीय दर्शन की प्रकृति एवं स्कूल (Nature and Schools of Indian Philosophy, some basic issues) | 10 |
| इकाई- II. | भगवद् गीता के दर्शन (Philosophy of the Bhagavad Gita : Karma Yoga) | 10 |
| इकाई- III. | बौद्ध धर्म, जैन धर्म (Buddhism, Jainism) | 10 |
| इकाई- IV. | न्याय, वैशेषिक एवं सांख्य योग (Nyaya, Vaisesika and Samkhya-Yoga) | 10 |
| इकाई- V. | अद्वैत वेदान्त (Advaita Vedanta) | 10 |
| **खण्ड- B :** | **पाश्चात्य दर्शन (Western Philosophy)** | **50** |
| इकाई -VI. | ज्ञान एवं सत्य (Knowledge and truth) | 10 |
| इकाई -VII. | कारणात्मक सिद्धान्त (The causal Principle) | 10 |
| इकाई -VIII. | यथार्थ की प्रकृति (Nature of Reality) | 10 |
| इकाई -IX. | यथार्थवाद एवं आदर्शवाद (Realism and Idealism) | 10 |
| **खण्ड-C.** | **व्यावहारिक दर्शन (Applied Philosophy)** | |
| इकाई -X. | पर्यावरण आचार नीति, व्यावसायिक आचार नीति एवं शिक्षा का दर्शन (Environmental Ethics, Professional Ethics and Philosophy of Education) | 10 |
| | | 100 अंक |

## VIII गृह विज्ञान (Home Science)

| | | |
|---|---|---|
| इकाई- I | छोटे बच्चों को जानें Known Little Children) | 17 |
| इकाई- II | पोषण स्वयं एवं परिवार के लिए (Nutrition for Self and Family (contd.) | 17 |
| इकाई- III | मुद्रा प्रबंधन एवं उपभोक्ता शिक्षा (Money Management and Consumer Education) | 17 |
| इकाई- IV | मेरी पोशाक (My Apparel) | 17 |
| इकाई- V | कार्य, जो हम कर सकते हैं गृह-विज्ञान प्रशिक्षण से (Things I can do with my Home Science Training) | 02 |
| | | 70 अंक |

●

StudentBounty.com

# MODEL PAPER

## कक्षा—XII

## दर्शनशास्त्र (PHILOSOPHY)

समय : 3 घंटे + 15 मिनट (अतिरिक्त) ] [ पूर्णांक : 100

**Time : 3 Hrs. + 15 Minute (Extra)] [Total Marks : 100**

सामान्य निर्देश **(General Instructions) :**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । (All Questions are compulsory)
- गलत उत्तर के लिए किसी तरह की कटौती नहीं होगी। (There is ***No negative marking*** for any wrong answer.)
- प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है । (Questions are in two sections)

### खण्ड (SECTION)-I
### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective)

| | | |
|---|---|---|
| कुल अंक (Total Marks) | — | 40 |
| कुल प्रश्नों की संख्या (Total No. of Questions) | — | 35 |

### खण्ड (SECTION)-II
### गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Non-Objective)

| | | |
|---|---|---|
| कुल अंक (Total Marks) | — | 60 |
| लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer type) | — | 10 (प्रत्येक 3 अंक) |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer type) | — | 05 (प्रत्येक 6 अंक) |

4. कुछ दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । आप वैसे प्रश्नों में उपलब्ध विकल्पों में से किसी एक प्रश्न का ही उत्तर दें ।
(There are internal options is some of the long answer type questions. In such questions you have to answer any one of the alternative.)
5. यथासंभव सभी प्रश्नों का उत्तर अपनी ही भाषा में दें ।
(Answer should be in your own language.)
6. परीक्षा के दौरान कलकुलेटर सहित किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक संयंत्र (यथा मोबाइल, पेजर इत्यादि) का प्रयोग सर्वथा वर्जित है ।
(No electronic gadgets like calculator, call phone, pager are allowed during exam.)
7. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर दिए गए ओ॰ एम॰ आर॰ सीट में उपयुक्त विकल्प को नीले या काले पेन से पूरी तरह भर कर दें । (उदाहरण के लिए यदि उत्तर (c) हो तो नीले या काले पेन से ऐसे चिह्नित करें
(The answer of objective type question is to be given on supplied OMR sheet by completely darking the appropriate answer option. For exmple if answer is (c) the you should fill it as shown by blue/black pen.

(a) (b) (●) (d)

❑

StudentBounty.com

# OMR ANSWER SHEET OMR उत्तर पत्र

## परीक्षा 2010

OMR NO.

**Instructions :**

1. All entries should be confined to the area provided.
2. In the OMR Answer Sheet the Question Nos. progress from top to bottom.
3. For marking answers, use BLACK/BLUE BALL POINT PEN ONLY.
4. Mark your Roll No. Roll Code No. Name of Exam. Centre in the boxes/space provided in the OMR Answer Sheet.
5. Fill in your Name, Signature, Subject, Date of Exam, in the space provided in the OMR Answer Sheet.
6. Mark your Answer by darkening the CIRCLE completely, like this.

**Correct Method** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

**Wrong Methods**

7. Do not fold or make any stray marks in the OMR Answer Sheet.
8. If you do not follow the instructions given above, it may be difficult to evaluate the Answer Sheet. Any resultant loss on the above account i.e. not following the instructions completely shall be of the candidates only.

**निर्देश :**

1. सभी प्रविष्टियाँ दिये गये स्थान तक ही सीमित रखें।
2. OMR उत्तर पत्र में प्रश्न संख्या क्रमशः ऊपर से नीचे की ओर दी गई है।
3. उत्तर केवल काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन द्वारा चिह्नित करें।
4. अपना रोल नं० रोल कोड नं०, परीक्षा केन्द्र का नाम OMR उत्तर पत्र से निर्दिष्ट खाली/स्थानों में/पर लिखें।
5. OMR उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना नाम, हस्ताक्षर, विषय परीक्षा का दिनांक की पूर्ति करें।
6. अपने उत्तर के घेरे का पूर्ण रूप से प्रगाढ़ करते हुए चिह्नित करें।

**सही विधि** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

**गलत विधियाँ**

7. OMR उत्तर पत्र को न मोड़ें अथवा उस पर जहाँ-तहाँ चिह्न न लगाएँ।
8. ऊपर दिये गये निर्देशों का पालन न किए जाने की स्थिति में उत्तर पत्रों का मूल्यांकन करना कठिन होगा। ऐसे में नतीजे की दृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति का जिम्मेदार केवल परीक्षार्थी होगा।

**BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD**

1. Name (in BLOCK letters) / नाम (छापे के अक्षर में)
2. Date of Exam / परीक्षा की तिथि
3. Subject / विषय
4. Name of the Exam Centre / परीक्षा केन्द्र का नाम
5. Full Signature of Candidate / परीक्षार्थी का पूर्ण हस्ताक्षर
6. Invigilator's Signature / निरीक्षक का हस्ताक्षर

7. Roll Code/ रोल कोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ |
| ① | ① | ① | ① |
| ② | ② | ② | ② |
| ③ | ③ | ③ | ③ |
| ④ | ④ | ④ | ④ |
| ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ |
| ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ |
| ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ |
| ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ |

7. Roll Code/ रोल कोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ |
| ① | ① | ① | ① |
| ② | ② | ② | ② |
| ③ | ③ | ③ | ③ |
| ④ | ④ | ④ | ④ |
| ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ |
| ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ |
| ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ |
| ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ |

For answering darken the circles given below / उत्तर के लिए नीचे अंकित घेरे को प्रगाढ़ करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 2. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 3. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 4. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 5. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 6. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 7. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 8. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 9. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 10. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 11. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 12. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 13. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 15. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 16. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 17. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 18. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 19. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 20. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 21. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 22. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 23. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 24. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 25. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 26. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 28. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 29. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 30. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 31. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 32. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 33. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 34. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 35. I. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| II. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| III. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| Or, I. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| II. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| III. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-I

## SECTION (खण्ड)–I

## OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

I. प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।

**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र को कहते हैं : (Applied ethics is :)
(A) व्यवहारिक नीतिशास्त्र (Practical ethics) (B) अधिनीतिशास्त्र (Metaethics)
(C) आदर्शमूलक नीतिशास्त्र (Normative ethics) (D) उपरोक्त सभी (All of the above)

2. सामान्यत: हमारे आस-पास का सम्पूर्ण परिवेश कहलाता है : (Generally, the entire surrounding of our existence is known as :)
(A) भौतिक पदार्थ (Material objects) (B) ऊर्जा (Energy)
(C) पर्यावरण (Environment) (D) उपरोक्त सभी (All of the above)

3. मन शरीर संबंध की व्याख्या करता है : (Mind-body relation is explained by :)
(A) समानान्तरवाद (Parallelism) (B) अन्तर्क्रियावाद (Interactionism)
(C) पूर्वस्थापित सामंजस्यवाद (Pre-established harmony) (D) उपर्युक्त सभी (All the above)

4. जन्मजात प्रत्यय सम्बन्धी सिद्धान्त का खण्डन किया है : (The theory of innate ideas has been refuted by :)
(A) बर्कले (Berkeley) (B) काण्ट (Kant) (C) लॉक (Locke) (D) स्पिनोजा (Spinoza)

5. बुद्धिवाद ज्ञान की पद्धति को स्वीकार करता है :(Rationalism accepts the—method in acquiring knowledge :)
(A) निगमनात्मक (Deductive) (B) आगमनात्मक (Inductive) (C) दोनों (Both) (D) इनमें से कोई नहीं (Neither)

6. ज्ञानशास्त्रीय प्रत्ययवाद स्वीकार करता है : (Epistemological idealism accepts :)
(A) वस्तु ज्ञाता से स्वतंत्रत है (Object is independent of the subject)
(B) वस्तु ज्ञाता पर निर्भर है (Object is dependent on the subject)
(C) वस्तु ज्ञ्ज्ञता से तटस्थ है (Object and subject are neutral) (D) इनमें से कोई नहीं (None of the above)

7. नवीन वस्तुवाद का सम्बन्ध किन दार्शनिकों से है ? (New realism is connected with which philosophers ?)
(A) मूर (Moore) (B) रसेल (Russell) (C) पेरी (Perry) (D) इन सभी (All of them)

8. 'सत्ता अनुभवमूलक है' कथन है– ('Esse est percipli' is the statement of :)
(A) बर्कले (Berkeley) (B) लॉक (Locke) (C) काण्ट (Kant) (D) ह्यूम (Hume)

9. कारण है : (Cause is :)
(A) केवल भावात्मक स्थितियों का योग (Sum of only positive conditions)
(B) केवल निषेधात्मक स्थितियों का योग (Sum of only negative conditions)
(C) भावात्मक तथा निषेधात्मक स्थितियों का योग (Sum of both affirmative as well as negative conditons)
(D) इनमें से कोई नहीं (None of the above)

10. इनमें से कौन ईश्वर के अस्तित्व संबंधी प्रमाण नहीं है ? (Which of these is not a proof for the existence of God ?)
(A) तात्विक प्रमाण (Ontological Proof) (B) विश्वमूलक प्रमाण (Cosmological Proof)
(C) प्रयोजनमूलक प्रमाण (Teleological Proof) (D) सापेक्ष प्रमाण (Relative Proof)

11. आलोचकों के मत में देकार्त की तात्विक युक्ति नकल है : (According to critics, the ontological argument given by Descartes in a copy of the argument given by :)
(A) एक्वीनस (Acquinas) (B) बेकन (Bacon) (C) अगस्टीन (Augustine) (D) एन्सेल्म (Anselm)

12. 'मैं सोचता हूँ, इसलिए मैं हूँ' कथन है : ('Cogito ergo sum' is a statement of :)
(A) काण्ट (Kant) (B) देकार्त (Dekartes) (C) स्पिनोजा (Spinoza) (D) लाइबनीज (Leibniz)

StudentBounty.com

13. ऋत् की अवधारणा का वर्णन है : (The concept of Rta has been described in :)
(A) वेद में (Vedas) (B) उपनिषद् में (Upanishads) (C) पुराण में (Puranas) (D) उपरोक्त सभी (None of these)
14. आस्तिक दर्शन की संख्या है : (The number of orthodox philosophical system is :)
(A) दो (Two) (B) तीन (Three) (C) पाँच (Five) (D) छः (Six)
15. भारतीय दर्शन का संबंध है : (Indian Philosophy is related to :)
(A) आध्यात्मिकता से (Spirituality) (B) व्यवहारिकता से (Practically)
(C) दोनों से (Both) (D) इनमें से कोई नहीं (Neither)
16. परम पुरुषार्थ है : (The highest Purushartha is :)
(A) काम (Kama) (B) धर्म Dharma) (C) मोक्ष (Moksha) (D) अर्थ (Artha)
17. निष्काम कर्म का मूल-सिद्धान्त है– (The central concept of Niskama Karma is :)
(A) सुख, सुख के लिए (Pleasure for pleasure sake) (B) कर्तव्य, कर्तव्य के लिए (Duty for duty sake)
(C) शुभ फल प्राप्ति के लिए (For the sake of good results) (D) इनमें से कोई नहीं (None of these)
18. 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' ऐसा कहा गया है : (The dictum 'Karmanyevadhikaraste ma phalesu kadachana' is mentioned in :)
(A) वेद में (Vedas) (B) पुराण में (Puranas) (C) गीता में (Gita) (D) इनमें से कोई नहीं (None of these)
19. शंकर के अनुसार पारमार्थिक सत्ता है : (According to Shankara, abosolute entity is :)
(A) ईश्वर (God) (B) जगत (World) (C) जीव (Self) (D) ब्रह्म (Brahma)
20. न्याय के अनुसार प्रत्यक्ष के लिए आवश्यक है : (According to Nyaya Philosophy, factors necessary for perception are :)
(A) इन्द्रिय (Sense Organ) (B) विषय (Object) (C) सन्निकर्ष (Proximity) (D) उपरोक्त सभी (All of these)
21. जैन-दर्शन के तत्त्वमीमांसीय विचार को कहा जाता है : (Metaphysical theory in Jainism is known as :)
(A) स्याद्वाद (Syadvada) (B) निरपेक्षवाद (Absolution) (C) अनेकान्तवाद (Anekantavada) (D) सापेक्षवाद (Relativism)
22. बुद्ध के द्वितीय आर्यसत्य का सम्बन्ध है : (The second noble truth propounded by Buddha is related to :)
(A) दु:ख से (Suffering) (B) दु:ख के कारण से (Cause of suffering)
(C) दु:ख निरोध से (Cessation of suffering) (D) दु:ख निरोध मार्ग से (Means of suffering)
23. प्रतीत्य समुत्पाद सिद्धान्त का आधार है : (The basis of the theory of dependent origination is :)
(A) धर्म सिद्धान्त (Religious theory) (B) नैतिक सिद्धान्त (Ethical theory)
(C) कारण कार्य सिद्धान्त (Causal theory) (D) उपरोक्त सभी (All the above)
24. सांख्य के कारण-कार्य सिद्धान्त को कहते हैं : (The Sankhya theory of causation is known as :)
(A) सत्कार्यवाद (Satkaryavada) (B) असत्कार्यवाद (Asatkaryavada)
(C) विवर्त्तवाद (Vivartavada) (D) इनमें से कोई नहीं (None of the above)
25. ज्ञानशास्त्रीय सिद्धान्त : (Syadvada is :)
(A) ज्ञानशास्त्रीय सिद्धान्त (Epistemological theory) (B) तत्वशास्त्रीय सिद्धान्त (Metaphysical theory)
(C) दोनों (Both) (D) कोई नहीं (Neither)

**II. निम्नलिखित (26-30) प्रश्नों में दो कथन दिये गए है, कथन-(A) के बाद कथन-(R) को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।**

**In the following questions (26-30) there are two Assertion. Assertion (A) follows Reasioning (R). You have to go through these Reasioning and mark you answer from the givn options.**

(A) A और R दोनों सही है R, A का सही स्पष्टीकरण हैं। (Both A and R are true and R is the correct explenation for A.)
(B) A और R दोनों सही है परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है। Both A and R are true but R is not the correct explanation for A.
(C) A सही है पर R गलत है। (A is true but R is false)
(D) A गलत है पर R सही है। (A is false but R is true.)

26. कथन-I : वस्तुवाद ज्ञेय पदार्थ को ज्ञाता पर निर्भर मानता है ।
Known is dependent on the knower according to realism.
कथन-II : प्रत्ययवाद की व्याख्या ज्ञानशास्त्रीय एवं तत्वशास्त्रीय दृष्टिकोण से की जाती है ।
Theory of idealism has been explained from both epistemological as well as metaphysical per spectives.
27. कथन-I : शिक्षा का उद्देश्य है मनुष्य के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास ।
The aim of education is all-round development of human personality.
कथन-II : शिक्षा का उद्देश्य है मनुष्य को साक्षर बनाना ।
The aim of education is to make human beings literate.
28. कथन-I : न्याय दर्शन में प्रमाणों की संख्या चार है ।
Nyaya philosophy recognises four valid sources of knowledge.
कथन-II : जैन दर्शन तत्वशास्त्रीय सिद्धान्त अनेकान्तवाद कहलाता है ।
The metaphysical theory in Jainism is known as Anekantvada.

StudentBounty.com

29. कथन–I : अनुभववाद का अन्त संदेहवाद में होता है । (Emiricism ends in scepticism.)
कथन–II : ह्यूम एक संगत अनुभववादी है ।(Hume is a consistent empricist.)

30. कथन–I : बौद्ध नास्तिक दर्शन है । (Boddha philosophy is heterodox.)
कथन–II : बौद्ध दर्शन को अप्रमाणिक मानता है ।(Bauddhist philosophy does not regard the Vedas as ultimate sources of knowledge.)

**III. प्रश्न संख्या (31-34) में दो सूची दिए गए है सूची–I की प्रविष्टियों को सूची–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**
**In the following question (31 to 34) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| सूची–I (List-I) | सूची–II (List-II) |
|---|---|
| 31. बुद्धिवाद (Rationalism) | (A) बदरायण (Badrayana) |
| 32. वेदान्त दर्शन (Vedanta Philosophy) | (B) रूढ़िवाद (Dogmarism) |
| 33. वैशेषिक (Vaishesika Philosophy) | (C) अज्ञेयवाद (Agnosticism) |
| 34. समीक्षावाद (Criticism) | (D) कणाद (Kanada) |

**IV. निम्नांकित प्रश्न संख्या 35 में दिए एक उद्वरण दिया गया हैं सावधानी से इस उद्वरण को पढ़ कर समझे तथा उसके बाद नीचे दिए गए तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गए विकल्पों में से चिन्हित करें। 3×2=6**

**There is a paragraph for question. You have to understand the paragraph and then mark your answer from given options.**

35. **गद्यांश**–जमीन दार्शनिक काण्ट ने ज्ञान की परिभाषा संश्लेषणात्मक अनुभव निरपेक्ष कहकर दिया है । इन्होंने अपने पूर्व ज्ञान प्राप्ति के दोनों सिद्धान्तों–बुद्धिवाद एवं अनुभववाद को एकांगी सिद्ध करते हुए ज्ञान की प्राप्ति में दोनों की भूमिका को स्वीकार किया है। बुद्धिवाद की दो विशेषताए हैं–सार्वभौमिकता एवं अनिवार्यता तथा अनुभववाद की एक विशेषता है–नवीनता । काण्ट ने ज्ञान प्राप्ति के उपरोक्त दोनों विरोधी सिद्धान्तों की समीक्षा के बाद उनके आवश्यक गुणों में समन्वय करते हुए ज्ञान की तीन विशेषताओं की चर्चा की है। इस प्रकार काण्ट का समन्वयवाद या समीक्षावाद 'Empirico-rationa' दर्शन की महत्ता को स्थापित करता है । लेकिन काण्ट के अनुसार इस प्रकार का ज्ञान गणित एवं भौतिक विज्ञान में संभव है परन्तु तत्वमीमांसा में ऐसा ज्ञान संभव नहीं है । अर्थात् वह अज्ञेय है।

German philosopher Kant defines knowledge as synthetic judgement a priori. Earlier, he had criticized the two theories of knowledge, namely rationalism and empiricism as one-sided and accepted the importance of both reason as well as experience in the process of acquiring valid knowledge. Rationalism has two characteristic—universality and necessity, while empiricism has one characteristics—novelty or newness. After criticising the two rival epistemological theories. Kant tries to combine their essential characters and discuss all the three characteristics of knowledge at length. Thus Kant paves way for a 'emprico-rational' theory of knowledge which acquires the name 'criticism'. However, according to Kant such a source of knowledge can only be fruitful in the domain of mathematics and natural sciences and not possible in knowing metaphysical truths. Hence metaphysics is unknowable.

I. ''संश्लेषणात्मक अनुभव निरपेक्ष'' कहकर ज्ञान की परिभाषा किसने दी है ? Who has defined knowledge as synthetic judgment apriori ?
(A) देकार्त (Decartes) (B) लॉक (Locke) (C) ह्यूम (Hume) (D) कोई नहीं (None)

II. काण्ट का समीक्षावाद है : (Kant's critical theory is a :)
(A) नीतिशास्त्रीय सिद्धान्त (Ethical theory) (B) ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्त (Epistemological theory)
(C) तत्वशास्त्रीय सिद्धान्त (Metaphysical theory) (D) उपरोक्त सभी (All of the above)

III. समीक्षावाद की विशेषता है : (Characteristic of criticism is :)
(A) अनिवार्यता (Necessity) (B) नवीनता (Novelty)
(C) सार्वभौमिकता (Universality) (D) उपरोक्त सभी (All of the above)

**Or,**

**निम्नांकित प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प सही हो सकते है। ऐसे प्रश्नों में सभी सही विकल्पों को उत्तर तालिका में अंकित करें।**

**In the following questions there may be more than one correct answers. You have to mark all the correct answers.**

I. पारिस्थितिकी का सम्बन्ध है : (Ecology deals with :)
(A) मनुष्य से (Man) (B) वनस्पति से (Vegetarian)
(C) पशु से (Animals) (D) मानसिक प्रक्रियाओं से (Mental processes)

II. कारण होता है : (Cause is :)
(A) नियत (Invariable) (B) अनौपाधिक (Unconditional) (C) पूर्ववर्ती (Antecedent) (D) कोई नहीं (None)

III. आस्तिक दर्शन है : (Orthodox system of Philosophy are :)
(A) जैन (Jainism) (B) चार्वाक (Charvaka) (B) योग (Yoga) (D) मीमांसा (Mimansa)

StudentBounty.com

# SECTION ( खण्ड )–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघुउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।** **10 × 3 = 30**

**Question No. 1 to 10 carry 3 marks each. These questions are of short answer type.**

1. सत्व गुण क्या है ? (What is Satva Guna ?)
2. सांख्य पुरुष और प्रकृति के सम्बन्ध की व्याख्या किस प्रकार करता है ? (How does Sankhya explain the relation between Purusha and Prakriti ?)
3. लौकिक तथा अलौकिक प्रत्यक्ष को स्पष्ट करें। (Explain ordinary and extra-ordinary perception.)
4. ऋण की व्याख्या करें। (Explain the Rna.)
5. 'निष्काम कर्म' की व्याख्या करें। (Explain 'Nishkama Kama'.)
6. लोक-संग्रह की अवधारणा को स्पष्ट करें। (Explain Loksangrah.)
7. ज्ञानशास्त्रीय प्रत्ययवाद की व्याख्या करें। (Explain epistemological idealism.)
8. नैतिक निर्णय की आवश्यक मान्यता के रूप में 'संकल्प-स्वातंत्र्य' की व्याख्या करें। (Explain 'freedom of will' as a postulate of moral judgment.)
9. ज्ञान एवं सत्य की व्याख्या करें। (Explain knowledge and truth.)
10. कारणता के स्वरूप की व्याख्या करें। (Explain the nature of causation.)

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है।** **5 × 6 = 30**

**Question No. 11 to 15 carry 6 marks each. These questions are of Long answer type.**

11. शंकर के जगत-विचार का संक्षिप्त विवरण दें। (Discuss briefly Shankara's conception of world.)
12. जैन के पंचमहाव्रत की व्याख्या करें। (Explain the five great vows of Jainism.)
13. ईश्वर के अस्तित्व के हेतु विश्वमूलक प्रमाण का स्पष्ट विवेचन करें। (Discuss clearly the consmological proof for the existence of God.)
14. वस्तुवाद की व्याख्या ज्ञाता और ज्ञेय विषयक सिद्धान्त के रूप में करें। (Explain realism as a theory about the status of the object of knowledge.)
15. परिवेशीय नीतिशास्त्र की व्याख्या करें। (Explain environmental ethics.)

# ANSWERS ( उत्तर )

## SECTION ( खण्ड )–I : OBJECTIVE (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (C) | 3. (D) | 4. (C) | 5. (A) |
| 6. (B) | 7. (D) | 8. (A) | 9. (C) | 10. (D) |
| 11. (D) | 12. (B) | 13. (A) | 14. (D) | 15. (C) |
| 16. (C) | 17. (B) | 18. (C) | 19. (D) | 20. (D) |
| 21. (C) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (A) | 25. (A) |
| 26. (A) | 27. (B) | 28. (A) | 29. (D) | 30. (C) |
| 31. (A) | 32. (D) | 33. (C) | 34. (B) | |
| 35. I. ( A, B, C) | II. (A, B, C) | III. (B, D) | | |
| Or. I. (D) | II. (B) | III. (D) | | |

StudentBounty.com

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**1.** सांख्य दर्शन प्रकृति को त्रिगुणमयी कहा जाता है । ये गुण हैं सत्य, रजस एवं तमस् । सत्य गुण ज्ञान का है । यिं स्वयं प्रकाशपूर्ण अन्य वस्तुओं को भी प्रकाशित करता है । सत्य के कारण तथा बुद्धि विषयों को ग्रहण करते हैं । इसका रंग श्वेत है। सभी प्रकार की सुखात्मक अनु उल्लास, हर्ष, संतोष, तृप्ति आदि सत्व के कार्य हैं ।

**2.** सांख्य पुरुष और प्रकृति के सम्बन्ध की व्याख्या किस प्रकार करता है ?

सांख्य दर्शन द्वैतवादी दर्शन है क्योंकि इसके अनुसार तत्व दो हैं जो एक दूसरे के प्रतिकूल हैं । पुरुष चेतन, त्रिगुणातीत तथा निष्क्रिय है परन्तु प्रकृति अचेतन, त्रिगुणमयी एवं सक्रिय है । ये तत्व प्रतिकूल प्रवृत्ति के होने के बावजूद इनके संयोग से सम्पूर्ण विश्व का विकास होता हैं प्रश्न उठता है कैसे ?

सांख्य दर्शन इन दोनों के बीच सम्बन्ध की व्याख्या के लिए कुछ उपमा का सहारा लेता है। सांख्य के अनुसार जिस प्रकार चुम्बक सन्निधि से लोहे को चलायमान करता है उसी प्रकार पुरुष की सन्निधि मात्र से ही प्रकृति क्रियाशील हो जाती हैं लेकिन यह उपमा युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता है क्योंकि लोहा और चुम्बक दोनों अचेतन हैं, जबकि पुरुष चेतन और प्रकृति अचेतन हैं । सांख्य दर्शन पुरुष और प्रकृति के सम्बन्ध की व्याख्या के लिए दूसरा उपमा का सहारा लेता है। जैसे एक अंधा और एक लंगड़ा जंगल को पार कर जाता है जैसे पुरुष-प्रकृति आपस में मिलकर विश्व का विकास करते हैं । परन्तु यह उपमा भी तर्कसंगत नहीं है क्योंकि अंधा और लंगड़ा दोनों चेतन हैं जबकि पुरुष चेतन तथा प्रकृति अचेतन है । अंत में सांख्य इन दोनों के सम्बन्ध की व्याख्या अचेतन प्रयोजनवाद के द्वारा किया है, किन्तु इसमें भी इसे सफलता नहीं मिल पायी है ।

अत: स्पष्ट है कि सांख्य ने पुरुष तथा प्रकृति दोनों को स्वतंत्र तथा निरपेक्ष माना हैं यदि यह सत्य है तो दोनों में संसर्ग नहीं हो सकता हैं यही कारण है कि योग दर्शन ने इस समस्या के समाधान हेतु ईश्वर की सत्ता स्वीकार किया है जिसके कारण योग को सेश्वर सांख्य की आख्या प्राप्त है।

**3.** लौकिक तथा अलौकिक प्रत्यक्ष को स्पष्ट करें ।

भारतीय तर्कशास्त्र में प्रत्यक्ष का वर्गीकरण भिन्न-भिन्न आधार पर किया गया है । इन्द्रिय का पदार्थ के साथ सम्पर्क होने पर प्रत्यक्ष ज्ञान होता है। इस आधार पर प्रत्यक्ष के दो प्रकार हैं–(a) लौकिक प्रत्यक्ष तथा (b) अलौकिक प्रत्यक्ष ।

जब इन्द्रियों के साथ वस्तु का साधारण सम्पर्क होता है तो हम इसे लौकिक प्रत्यक्ष कहते हैं । जैसे आंख से जब गुलाब के फूल का सम्पर्क होता है तो उसे प्रत्यक्ष ज्ञान होता है कि वह फूल लाल, उजला या पीला हैं लौकिक प्रत्यक्ष के दो भेद हैं–बाह्य प्रत्यक्ष एवं मानस प्रत्यक्ष ।

(i) बाह्य प्रत्यक्ष में हमें अपनी बाहरी ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान प्राप्त होती हैं, जिनकी संख्या पांच हैं। इसे हम चाक्षुष-प्रत्यक्ष, श्रवण-प्रत्यक्ष, घ्राणज-प्रत्यक्ष, रासन-प्रत्यक्ष, एवं त्वाचिक-प्रत्यक्ष के नाम से जानते हैं ।

(ii) मानस प्रत्यक्ष को न्यायशास्त्र में केन्द्रीय संज्ञा दी गई है। मन द्वारा जब आन्तरिक अवस्थाओं का प्रयत्न होता है जैसे सुख, दु:ख, प्रेम, घृणा आदि तो उसे मानस-प्रत्यक्ष कहते हैं।

लौकिक प्रत्यक्ष के अन्य तीन भेदों की चर्चा की गयी है । वे निम्नलिखित हैं–

(i) **निर्विकल्प प्रत्यक्ष :** जब पदार्थों का प्रत्यक्ष होने के बावजूद उसका स्पष्ट ज्ञान नहीं हो पाता है। उसका सिर्फ आभास मात्र होता हैं मनोविज्ञान में इसे संवेदना कहा जाता है ।

(ii) **सविकल्प प्रत्यक्ष :** जब किसी विषय या वस्तु का प्रत्यक्ष के साथ-साथ स्पष्ट ज्ञान भी हमें प्राप्त हो जाए। मनोविज्ञान में इसे अर्थपूर्ण संवेदना या प्रत्यक्षीकरण की संज्ञा दी गयी है ।

(iii) **प्रत्यभिज्ञा :** इसका अर्थ है 'प्रतिगता अभिज्ञान' यानी जिस विषय या वस्तु का पहले साक्षात्कार हो चुका हो, उसका फिर से प्रत्यक्ष हों । साधारण अर्थ में इसे हम पहचानना कहते हैं । इन तीनों लौकिक प्रत्यक्ष के वर्गीकरण को बौद्ध दर्शन तथा वेदान्त दर्शन नहीं मानते हैं ।

जब किसी पदार्थ या वस्तु के साथ इन्द्रियों का असाधारण सम्पर्क हो तो वह अलौकिक प्रत्यक्ष कहलाता हैं अलौकिक प्रत्यक्ष के तीन भेद होते हैं–सामान्य लक्षण, ज्ञान लक्षण एवं योगज ।

जाति गुण के द्वारा सम्पूर्ण जाति का प्रत्क्ष होना सामान्य लक्षण प्रत्यक्ष कहलाता है। मनुष्य का जाति गुण मनुष्यता हैं किसी एक मनुष्य में 'मनुष्यत्व' को देखकर हम पूरे मानव जाति को देख लेते हैं क्योंकि यह गुण सभी मनुष्यों का सामान्य गुण है ।

जब हमें एक इन्द्रिय से किसी दूसरी इन्द्रिय के विषय का प्रत्यक्ष होता है तो इस अलौकिक प्रत्यक्ष को हम ज्ञान लक्षण कहते हैं जैसे चन्दन देखने से सुगन्धित होने का ज्ञान । योगज ऐसा प्रत्यक्ष है जो भूत, वर्तमान एवं भविष्य के गुण तथा सूक्ष्म निकट तथा दूरस्थ सभी प्रकार की वस्तुओं की साक्षात् अनुभूति कराता है । योगज या अन्तर्ज्ञान एक शक्ति है जिसे हम बढ़ा-चढ़ा सकते हैं । भगवान बुद्ध को 'निर्वाण' का योग तथा शंकराचार्य को 'ब्रह्म का ज्ञान' योगज के उदाहरण कहे जा सकते हैं ।

**4.** भारतीय नीतिशास्त्र के मौलिक संप्रत्यय के रूप में ऋण-परिशोधन की अवधारणा महत्वपूर्ण है । ब्राह्मण ग्रन्थों में यह उल्लिखित है कि मनुष्य पर चार प्रकार के ऋण होते थे । जन्म लेते ही वह देवताओं, पितरों, ऋषियों तथा मनुष्यों की ऋणी हो जाता था । इन चार प्रकार के ऋणों से मुक्त होना मनुष्य का ऐच्छिक कर्त्तव्य नहीं बल्कि अनिवार्य धर्म तथा पुनीत कर्त्तव्य होता था ।

मनुस्मृति में कहा गया है कि विधिपूर्वक वेदों का अध्ययन कर, धर्म के अनुसार पुत्रों को उत्पन्न कर तथा शक्ति के अनुरूप यज्ञ सम्पादन कर गृहस्थों को अपने ऋणों से मुक्त होना चाहिए । महाभारत में कहा गया है कि विधिपूर्वक किए गए यज्ञों से पितृऋणों को, यज्ञ द्वारा देवताओं को तथा स्वाध्याय के द्वारा ऋषियों को पूजित करें और तब अन्य आश्रमों के माध्यम से सिद्धि को प्राप्त करें। अत: यह कहा जा सकता है कि गृहस्थ आश्रम में कर्मयोग को अधिक प्रधानता दी गई है क्योंकि विभिन्न ऋणों से उऋण होने के लिए गृहस्थ आश्रम उपयोगी था ।

**5.** निष्काम कर्म भगवत् गीता का मौलिक तथा नैतिक उपदेश है । निष्काम शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के नि:सृकाम से हुई है, जिसका अर्थ है कि कर्त्ता को बिना फल या परिणाम की कामना के क्रियाशील होना । निष्काम शब्द का विपरीत सकाम है जिसका अर्थ कि फल प्राप्ति की कामना के साथ कर्म करना गीता के अनुसार मनुष्य को स्वधर्म का पालन करना चाहिए, जिससे वह अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य तक पहुँचने में समर्थ हो सके। गीता संसार में मनुष्य को सक्रिय जीवन चयनित करने का उपदेश देती है, जिससे उसका आन्तरिक जीवन परमात्मा के साथ जुड़ा हुआ रहे।

StudentBounty.com

गीता में कहा गया है–

**कर्मण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन् । मा कर्मफल हेतुर्भूमाते संगोऽस्त्वकर्माणि ।।**

यानी, कर्म में ही हमारा अधिकार है, फल में कभी नहीं; हम कर्म-फल का हेतु भी न बनें, अकर्मण्यता से हमारी आसक्ति न हो।

इस प्रकार, गीता प्रवृति और निवृत्ति दोनों के बीच समन्वय करती है । अर्थात् मनुष्य को कर्म प्रवृति तथा फल निवृत्ति होनी चाहिए। अगर हम कर्म के फल में अनासक्ति और परमात्मका के प्रति समर्पण की भावना विकसित कर लें तो हम कार्य करते हुए भी नित्य संन्यासी हैं। इस प्रकार गीता हमें पूर्णत: सक्रिय जीवन व्यतीत करने का आदेश देती है ।

कर्मयोग का शाब्दिक अर्थ है कर्म के द्वारा परमात्मा के साथ मिलन । अत: गीता के निष्काम कर्मयोग का लक्ष्य ईश्वर है। निष्काम कर्म के साध्य के दो आधार हैं–(i) कर्तव्य, कर्त्तव्य के लिए तथा (ii) कर्त्तव्य ईश्वर के लिए । पहले अर्थ में कर्त्तव्य करना ही साध्य है तथा दूसरे अर्थ में ईश्वर कर्त्ता का साध्य होता है ।

गीता के निष्काम कर्मयोग की तुलना प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक कांट के Duty for the sake of duty के साथ की जा सकती है। परन्तु दोनों में मुख्य अन्तर यह है कि जहां कांट इन्द्रियों को दमन की बात करते हैं वहाँ गीता इन्द्रियों को निर्यंत्रित करने की बात करती हैं कामनाओं का दमन व्यक्तित्व के विकास के लिए घातक है ।

**6.** श्रीमद् भगवद् गीता में लोक-संग्रह का उल्लेख है । लोक यानी संसार तथा संग्रह या निर्वाह शब्द अर्थ से अभिहित है। गीता का उद्देश्य कर्म करने की सर्वोत्तम प्रेरणा प्रदान करता है । मानव अपनी अपूर्णता के कारण अक्सर द्वन्द्व में फंसता है तथा उसके समक्ष कर्म नहीं यानी कर्ममुक्त रहने की तीव्र इच्छा जाग सकती हैं यह एक व्यवस्थित जीवन, समाज तथा जगत के लिए खतरनाक हैं इसलिए गीता में वर्णित लोकसंग्रह की भावना हमें जागृत करने का कार्य करता हैं इससे हमारा मानसिक और बौद्धिक स्तर भी ऊँचा उठता है तथा मानवोचित कर्म करने से आत्मसंतोष प्राप्त होता है । गीता का लोकसंग्रह धारणा एक नैतिक धारणा है जिसे मानव को व्यवहार में उतारना चाहिए ।

लोकसंग्रह को दृष्टि रखते हुए ज्ञानी पुरुष को भी आसक्ति त्यागकर साधारण आसक्ति वाले लोगों की तरह कर्म करना चाहिए। गीता में लोकसंग्रह मानव का उद्देश्य नहीं है वरन् यह ईश्वर या विधाता का है । यहाँ भाव कर्मों की उपादेयता स्पष्ट करने हेतु लोकसंग्रह की बातें की गई है तथा अपने कर्त्तव्यों में समष्टि में सेवा प्रदान करना मानव का स्वधर्म है । इस स्वधर्म से मानव मोक्ष प्राप्त कर सकता है । यही गीता का कर्मयोग है । गीता का उद्देश्य है :

**परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम । धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ।।**

इन पंक्तियों में लोकसंग्रह की भावना ही है ।

**7.** शास्त्रीय प्रत्ययवाद ज्ञाता और ज्ञेय के सम्बन्ध विषयक प्रश्न का उत्तर देता है, जो मानता है कि ज्ञाता पर निर्भर है। दूसरे शब्दों में, ज्ञाता से स्वतंत्र होने पर ज्ञेय का अस्तित्व कायम नहीं रहता है । इसलिए यह वस्तुवाद का विरोधी हो जाता है । साधारण लोगों का विचार वस्तुवादी ही है । पश्चिमी दर्शन में प्रत्ययवाद का सर्वप्रथम स्पष्ट उदाहरण बर्कले के दर्शन में मिलता है । बर्कने का कथन है कि ''सत्ता अनुभवमूलक है ।'' इसके अतिरिक्त ग्रीन, केयर्ड, ब्रैडले आदि इसके सार्थक हैं ।

**8.** नीतिशास्त्र के अनुसार मनुष्य के ऐच्छिक कर्म ही नैतिक निर्णय के विषय हैं । ऐच्छिक कर्म वह है जिसे मनुष्य अपने इच्छा स्वातंत्र्य से संपादित करता हो। मनुष्य में अनेक इच्छाओं में संघर्ष होता है और वह अपनी स्वतंत्र इच्छा से किसी एक को चुन लेता है और उसी की पूर्ति के लिए ऐच्छिक इच्छा चुनाव में हम बाध्य परिस्थितियों द्वारा नियंत्रित नहीं होते बल्कि अपने ही द्वारा होते हैं । यदि व्यक्ति कर्मों के करने में स्वतंत्र नहीं रहता है तो कर्मों की जिम्मेदारी उस पर नहीं होती । लेकिन हम जानते हैं कि कर्मों का दायित्व कर्त्ता पर रहता है । हम कर्मों की प्रशंसा या निन्दा करते हैं–कर्मों को अच्छा-बुरा, उचित-अनुचित, शुभ-अशुभ, पुरस्कार और दण्ड का निर्धारण करते हैं। ये सारी बातें तभी अर्थपूर्ण होंगी जब हम मानव में संकल्प स्वातंत्र्य को मान लें । संकल्प-स्वातंत्र्य के अभाव में नैतिकता का अर्थ ही नहीं रह जाता । अत: यह कहा जा सकता है कि नैतिकता बाहर से दबाव नहीं बल्कि भीतर से खींचाव है ।

कर्मों का नैतिक मूल्यांकन तभी संभव है जब मनुष्य अपने कर्मों में स्वतंत्र हो । यदि मनुष्य बाध्य परिस्थितियों एवं दबाव के चलते कोई कर्म करता है, तो फिर मनुष्य के कर्म और एक मशीन या निर्जीव पदार्थों के कर्मों में कोई अन्तर नहीं रह जायेगा। ऐसे कर्म में उत्तरदायित्व का भाव समाप्त हो जाता है । यही कारण है कि हेगेल ने कहा है कि ''यन्त्रवत् विश्व में नैतिकता का कोई महत्व नहीं रह जाता। इच्छा स्वातंत्र्य के अभाव में मानव आचरण के नियंत्रण एवं सुधार का प्रश्न भी निरर्थक हो जाता है ।'' कभी-कभी मनुष्य में पश्चाताप का भाव जागृत होता है । वह इसलिए कि उसके अधिकार की बात थी कि अगर वह चाहता तो वैसा नहीं भी कर सकता था। दूसरे शब्दों में वह कर्म करने में स्वतंत्र था । इसलिए मांटिग्यू ने सही कहा है कि ''या तो इच्छा-स्वतंत्रता सत्य है या नैतिकता एक भ्रम ।''

**9.** 'ज्ञान' एवं 'सत्य' का अध्ययन दर्शन की जिस शाखा में होता है, उसे ज्ञानमीमांसा कहते हैं । इस शाखा के अन्तर्गत ज्ञान का स्वरूप, लक्ष्य, उसकी प्रामाणिकता, उत्पत्ति, सीमा तथा ज्ञाता और ज्ञेय का सम्बन्ध आदि का अध्ययन किया जाता है ।

मनुष्य एक विवेकशील प्राणी होने के नाते ज्ञान प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहता है लेकिन सभी ज्ञान सत्य या प्रामाणिक नहीं होता। ज्ञान की प्रमाणिकता के विषय में मुख्यत: तीन सिद्धान्त प्रचलित हैं–

(i) संवादितावादी सिद्धान्त (ii) संसक्तावादी सिद्धान्त एवं (iii) उपयोगितावादी सिद्धान्त । पहले सिद्धान्त के अनुसार वही ज्ञान सत्य या प्रमाणिक है जो यथार्थ वस्तुओं के अनुरूप है अर्थात् ज्ञान और यथार्थ घटनाओं के बीच संवादिता ही सत्यता की कसौटी हैं दूसरे सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान की सत्यता की कसौटी आन्तरिक सामंजस्य या संगति है। इसलिए इस मत को सामंजस्यवाद भी कहते हैं। तीसरे सिद्धान्त के अनुसार वही ज्ञान सत्य या प्रामाणिक है जिसकी व्यावहारिक उपयोगिता हो ।

ज्ञान के उद्देश्य के विषय में दो सिद्धान्त हैं–

प्रथम सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान स्वयं ही साध्य है, यह किसी अन्य का साधन नहीं है । प्राय: पश्चिमी दार्शनिक इस मत के समर्थक है। दूसरे सिद्धान्त के अनुसार ज्ञान साधन है साध्य नहीं अर्थात् मोक्ष साक्ष्य है तथा ज्ञान इसकी प्राप्ति का साधन है । यह मत मुख्यत: भारतीय दर्शन का है यद्यपि पश्चिमी दर्शन में उपयोगितावादी विचारक ज्ञान को साधन मानते हैं ।

StudentBounty.com

ज्ञान की उत्पत्ति के सम्बन्ध में पांच सिद्धान्त दिये गये हैं–(i) बुद्धिवाद (ii) अनुभववाद (iii) समीक्षावाद (iv) संकल्पवाद तथा (v)

ज्ञान की सीमा के विषय में तीन सिद्धान्त प्राप्त हैं–(i) रूढ़िवाद (ii) संदेहवाद (iii) अज्ञेयवाद ।

ज्ञाता और ज्ञेय के सम्बन्ध के विषय में मुख्यत: तीन सिद्धान्त हैं–(i) प्रत्ययवाद (ii) वस्तुवाद एवं (iii) वस्तुवादी प्रत्ययवाद ।

पाश्चात्य दर्शन के इतिहास दर्शाते हुए आधुनिक युग को प्रबुद्धकाल कहा जाता है जिसमें मुख्य समस्या भी दर्शन क्षेत्र में निर्विवाद तथा निः सत्य की प्राप्ति रही है ।

**10.** कारण-कार्य नियम का अर्थ है कि संसार में जो घटना घटती है उसका कोई न कोई कारण अवश्य होता है । कोई भी घटना अकारण नहीं घट सकती । कारण और कार्य में अनिवार्य संबंध होता हैं यदि कारण नहीं है तो उसका कार्य भी नहीं हो सकता ।

कारण और कार्य सापेक्ष घटना है । एक घटना किसी के संदर्भ में कारण है तो दूसरे के संदर्भ में वह कार्य भी हो सकता हैं उदाहरणार्थ काले बादल से वर्षा होती है तथा इसी वर्षा से बाढ़ भी आता हैं यानी वर्षा कारण भी है तथा कार्य भी ।

प्रश्न उठता है कि कारण किसे कहते हैं तथा इसके लक्षण क्या हैं ? तर्कशास्त्रियों ने कारण को दो दृष्टिकोण से देखा है–गुण तथा परिमाण की दृष्टिकोण से। गुण के दृष्टिकोण से तात्कालिकता, अनौपाधिकता, नियतता तथा पूर्ववर्तिता कारण के लक्षण हैं ।

(i) **कारण पूर्ववर्ती होता है :** किसी घटना का कारण उस घटना का पूर्ववर्ती होता है अर्थात् पहले आनेवाला घटना कारण कहलाता है। दवा का खाना बीमारी छूटने का कारण है ।

(ii) **कारण नियत पूर्ववर्ती होता है :** किसी घटना का कारण वही हो सकता है जो पूर्ववर्ती के साथ-साथ नियत भी हो। घटना के पूर्व अनेक घटनाएँ घटती रहती हैं लेकिन सिर्फ उसी घटना को उक्त घटना का कारण माना जायेगा जो नियत रूप से उसके पूर्व आता हो। अक्सर अनियत पूर्ववर्ती को लोग भूलवश कारण मान लेते हैं जैसे काली बिल्ली के रास्ता काटने से यात्रा या परीक्षा में असफल होना।

(iii) **कारण उपाधिरहित पूर्ववर्ती होता है :** कारण को नियत पूर्ववर्ती के साथ उपाधिरहित होना चाहिए । अर्थात् कारण की किसी अन्य शर्त पर निर्भर नहीं रहना चाहिए । जैसे रात और दनि नियत पूर्ववर्ती घटना है फिर भी एक दूसरे के कारण नहीं है क्योंकि इन दोनों का होना किसी दूसरी शर्त पर निर्भर करता है ।

(iv) **कारण तात्कालिक पूर्ववर्ती होता है :** कारण तात्कालिक अपना प्रभाव कार्य पर दिखाता है जैसे ही दवा खाना शुरू करते हैं बीमारी छूटनी शुरू हो जाती है ।

अत: स्पष्ट है कि किसी घटना का कारण वही हो सकता है जिसमें उपरोक्त चारों गुणात्मक लक्षण मौजूद हो। परिमाण के दृष्टि से कारण और कार्य बराबर होते हैं ।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि कारण और कार्य में अनिवार्य संबंध है । दोनों घटनाएँ होती है दोनों सापेक्ष पद है ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**1.** शंकर के दर्शन में आत्मा को ही ब्रह्म कहा गया है । आत्मा की सत्यता पारमार्थिक है । यहाँ आत्मा और जीव में भेद किया गया हैं आत्मा की पारमार्थिक सत्ता है, जबकि जीव की व्यवहारिक सत्ता है। आत्मा ही वस्तुत: ब्रह्म है । शंकर ने आत्मा-ब्रह्म कहकर दोनों की तादात्म्यता को 'तत्वमसि' (तुम वही हों) से पुष्टि करता है । उपनिषद् के वाक्य 'अहं ब्रह्मस्मि' (मैं ब्रह्म हूँ) से आत्मा और ब्रह्म के अभेद का ज्ञान होता है ।

शंकर के अनुसार आत्मा स्वयंसिद्ध है । इसलिए आत्मा को प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है । आत्मा का मौलिक तत्व चैतन्य के साथ-साथ आत्मा में सत्ता भी हैं सत्ता चैतन्य में सर्वथा वर्तमान रहती है । चैतन्य के साथ-ही-साथ आत्मा में आनन्द भी हैं आत्मा का आनन्द शुद्ध और स्थायी है । इसलिए शंकर ने आत्मा को सत् + चित् + आनन्द ='सच्चिदानन्द' कहा है ।

भारतीय दर्शन में शंकर का आत्मा सम्बन्धी विचार अद्वितीय है । न्याय ने आत्मा को स्वभावत: अचेतन माना है, सांख्य ने आत्मा को सत् + चित् माना है । शंकर ने आत्मा को सत् + चित् + आनन्द कहकर इसमें पूर्णता ला दी है ।

शंकर ने आत्मा को एक माना जबकि न्याय वैशेषिक, सांख्य, मीमांसा आदि ने अनेक माना है । शंकर का मानना है कि आत्मा एक है फिर भी अज्ञानता के फलस्वरूप वह अनेक प्रतीत होती है । जिस प्रकार एक चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब जल की विभिन्न सतहों पर पड़ने से यह अनेक प्रतीत होता है, उसी प्रकार एक आत्मा का प्रतिबिम्ब अविद्या पर पड़ने से वह अनेक प्रतीत होता है । आत्मा यथार्थत: भोक्ता और कर्त्ता दिखाई पड़ता है । आत्मा का स्वरूप ज्ञानात्मक है । आत्मा त्रिकाल-अबाधित सत्ता है ।

अत: स्पष्ट है कि शंकर के दर्शन में आत्मा और ब्रह्म की तादात्म्यता को प्रमाणित किया गया है । आत्मा और ब्रह्म में कोई भेद नहीं है । आत्मा जब अज्ञानता से युक्त होती है, तो वह जीव कहलाती है । लेकिन वस्तुत: जीव (यानी आत्मा) और ब्रह्म अभिन्न हैं जिस प्रकार अग्नि एवं उससे निकली चिंगारियाँ अभिन्न हैं, उसी प्रकार जीव एवं ब्रह्म अभिन्न हैं । चूँकि शंकर ब्रह्म के अतिरिक्त अन्य सत्ता को पारमार्थिक दृष्टिकोण से स्वीकार नहीं करते, इसलिए इनके दर्शन को अद्वैतवाद कहा जाता है ।

**2.** बौद्ध नीतिशास्त्र में पंचशील की तरह जैन नीतिशास्त्र में परिव्राजकों या तापसों के लिए पंचमहाव्रत के पालन पर बल दिया गया हैं वे निम्नलिखित हैं–

(i) अहिंसा–प्रत्येक पदार्थ में जीव का निवास होता है । अत: सभी प्रकार के जीवों की हिंसा का परित्याग करना चाहिए । भावात्मक रूप में अहिंसा का अर्थ सभी जीवों के प्रति प्रेम भाव प्रदर्शित करना है । मन, वचन तथा कर्म से इसका पालन होना चाहिए ।

(ii) सत्य–इसके अन्तर्गत हमेशा सत्य बोलने का निर्देश दिया गया है । सत्य व्रत के पालन के लिए पाँच प्रकार के निर्देश दिये गये हैं–

(a) अनुबिमभाषी–सोच समझकर बोलना, (b) लोभं परिजानाति–लोभ होने पर चुप रहना (c) कोई परिजानाति–क्रोध उत्पन्न होने पर चुप रहना (d) हासं परिजानाति–हास्य-व्यंग्य में भी असत्य नहीं बोलना (e) भयं परिजानाति–भय या डर होने पर भी असत्य नहीं बोलना

(iii) अस्तेय–चोरी नहीं करना नैतिक अनुशासन हैं इसके लिए पाँच प्रकार के अनुशासन का पालन करना आवश्यक है ।

(a) बिना अनुमति के किसी के घर में प्रवेश नहीं करना ।

StudentBounty.com

(b) बिना गुरु की आज्ञा के भिक्षा में प्राप्त भोजन को ग्रहण नहीं करना;

(c) आज्ञा प्राप्त होने पर ही किसी के घर में निवास करना;

(d) किसी के घर में रहते हुए उसकी अनुमति के बिना कोई भी वस्तु उपयोग में नहीं लाना; तथा

(e) किसी के घर में रहते हुए भिक्षु को उस गृहपति की स्वीकृति के बिना उस घर में निवास नहीं करना चाहिए ।

(iv) ब्रह्मचर्य–जैनियों ने सभी प्रकार की वासनाओं के परित्याग का उपदेश दिया है । ब्रह्मचर्य के अन्तर्गत कई प्रकार के निर्देश दिए गए हैं– (a) किसी स्त्री से सम्भाषण नहीं करना, (b) किसी स्त्री को नहीं देखना, (c) नारी-स्पर्श की भावना मन में नहीं लाना (d) शुद्ध और अल्प भोजन लेना (e) अकेली रहने वाली स्त्री के निवास पर नहीं जाना ।

(v) अपरिग्रह–इस व्रत के अनुसार धन एकत्रित नहीं करना चाहिए क्योंकि उससे मोह और आसक्ति उत्पन्न होती है । अपरिग्रह का अर्थ है विषयासक्ति का त्याग । मनुष्य के बंधन के कारण सांसारिक वस्तुओं से आसक्ति कहा जाता है । यहाँ सांसारिक विषयों से निर्लिप्त रहना आवश्यक माना गया है । सांसारिक विषयों के अन्दर रूप, स्पर्श, गंध, स्वाद तथा शब्द आते हैं । इसलिए अपरिग्रह का अर्थ–रूप, स्पर्श, गंध, स्वाद, शब्द इत्यादि इन्द्रियों के विषयों का परित्याग करना कहा जा सकता है ।

उपरोक्त कर्मों को अपनाकर मानव मोक्षानुभूति के योग्य हो जाता है । जीव अपनी स्वाभाविक अवस्था को प्राप्त करता है जो मोक्ष है। मोक्ष का अर्थ सिर्फ दु:ख का विनाश नहीं है बल्कि आत्मा के अनन्त चतुष्ट्य अर्थात् अनंत ज्ञान, अनंत शक्ति, अनंत दर्शन और अनंत आनन्द की प्राप्ति भी है ।

**3.** विश्वमूलक युक्ति विश्व की व्याख्या करने के निमित्त ईश्वर की सत्ता प्रमाणित करती है । विश्वमूलक युक्ति के मुख्यत: दो रूप हैं– (i) विश्व की आकस्मिकता पर आधारित युक्ति (ii) कारण कार्य मूलक ।

संसार आकस्मिक और क्षणिक है । इसलिए इस क्षणिक विश्व के आधार के रूप में मानव की सत्ता स्वीकार करता है जो आवश्यक स्वतंत्र तथा वास्तविक है । थॉमस एकथ्वनस ने को आकस्मिकता पर आधारित तर्क का प्रतिपादन किया है। इनका मानना है कि ईश्वर स्वयं स्वतंत्र, स्वयंभू एवं अकारण सत्ता है । लाइबनिज ने भी माना कि सभी आकस्मिक सत्य का हेतु रहना चाहिए एवं समस्त विश्व का पर्याप्त हेतु ईश्वर ही है ।

विश्वमूलक युक्ति का दूसरा प्रकार कारण-कार्य युक्ति है । यह संसार एक कार्य है इसलिए विश्व का कारण किसी सीमित सत्ता को मानने पर अनावस्था दोष उत्पन्न होगा । अत: विश्व का कारण ऐसी असीम सत्ता है जो स्वयं अकारण है । उस कारण को ईश्वर कहा जाता है। आलोचकों ने इस युक्ति की त्रुटि पायीं–

(i) काण्ट ने कहा ईश्वर अनुभव से परे हैं अत: उन पर कारण-कार्य भाव, जो सांसारिक वस्तुओं पर लागू होता है उचित नहीं दिख्ता है। साथ-ही-साथ ईश्वर को अकारण मानना कारणता सिद्धान्त का खण्डन करना है ।

(ii) रसेल ने प्रश्न उठाया कि ईश्वर पर कारण-कार्य की श्रृंखला क्यों रूक जाती है ? इस श्रृंखला से बचने के लिए ईश्वर की सत्ता को मान लेना असंगत है ।

(iii) ह्यूम संगत अनुभववादी दार्शनिक होने के नाते कारण और कार्य के बीच अनिवार्य संबंध का खण्डन करते हुए साहचर्य सम्बन्ध को स्वीकारा हैं अत: ऐसे नियम पर आश्रित ईश्वर के अस्तित्व सम्बन्धी प्रमाण अमान्य है ।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि विश्वमूलक युक्ति ईश्वर के अस्तित्व को सिद्ध करने में असमर्थ है। वस्तुत: ईश्वर तर्क का विषय नहीं बल्कि विश्वास का विषय है ।

**4.** वस्तुवाद वह सिद्धान्त है जिसके अनुसार वस्तुओं का अस्तित्व ज्ञाता से स्वतंत्र है । वस्तुवाद की दूसरी मान्यता है कि ज्ञान से ज्ञात पदार्थों में कोई परिवर्तन नहीं होता है । वस्तुवाद की तीसरी मान्यता है कि ज्ञाता और ज्ञेय के बीच कोई मध्यस्थ नहीं होता है; ज्ञाता को वस्तुओं का ज्ञान प्रत्यक्ष रूप से होता हैं इस सिद्धान्त को लोकप्रिय वस्तुवाद कहा जाता है । क्योंकि यह जनसाधारण का मतहै । परन्तु दार्शनिक दृष्टि से लोकप्रिय वस्तुवाद में कई त्रुटियाँ हैं । यह स्वप्न, विवर्त, विभ्रम आदि भ्रान्तिपूर्ण अनुभूतियों की व्याख्या नहीं कर पाता। वस्तुओं के अयथार्थ रूप का कैसे अनुभव होता है इसकी व्याख्या नहीं हो पाती है । इसी कारण दार्शनिकों ने इस सिद्धान्त में संशोधन कर उसकी बौद्धिक आधार देने का प्रयास किया जिसके फलस्वरूप दार्शनिक वस्तुवाद की स्थापना हुई । पश्चिमी दर्शन में इसके तीन रूप मिलते हैं–(i) प्रत्यय प्रतिनिधित्ववाद (ii) नवीन वस्तुवाद (iii) समीक्षात्मक वस्तुवाद ।

(i) **प्रत्यय प्रतिनिधित्ववाद :** इसका स्पष्ट उदाहरण लॉक के दर्शन में मिलता है । लॉक के अनुसार ज्ञान के निर्माण में तीन तत्व काम करते हैं–मन, प्रत्यय और पदार्थ । मन ज्ञाता है और प्रत्यय जो कि पदार्थों की प्रतिलिपि है, ज्ञ्ज्ञान के प्रत्यक्ष विषय हैं । पदार्थों का प्रत्यक्ष नहीं होता; उनका अनुमान प्रत्ययों के कारण के रूप में किया जाता है । अत: ज्ञान परोक्ष रूप से प्रत्ययों के माध्यम से होता है। जो प्रत्यय वस्तुओं के यथार्थ रूप चित्रित करते हैं, वे सत्य कहलाते हैं और जो नहीं वे असत्य । भ्रांतिपूर्ण अनुभूति की व्याख्य इस प्रकार की जाती है कि जो प्रत्यय मन में रहता है वह बाहरी वस्तु का यथार्थ चित्र नहीं होता ।

यह सिद्धान्त लोकप्रिय वस्तुवाद से श्रेष्ठ है परन्तु इसमें कई त्रुटियाँ हैं–

(a) इसका मानना है कि प्रत्यय पदार्थों के समरूप होते हैं दोषपूर्ण है क्योंकि प्रत्यय मानसिक है और पदार्थ अमानसिक ।

(b) यदि मान भी लिया जाय कि प्रत्यय पदार्थों के समरूप है तो समरूपता का ज्ञान संभव नहीं क्योंकि पदार्थों का भी कभी प्रत्यक्ष ज्ञान होता ही नहीं है ।

(c) यह सिद्धान्त बाह्य वस्तुओं के अस्तित्व को प्रमाणित नहीं कर पाता क्योंकि उसे अनुमान द्वारा जाना जाता है परन्तु अनुमान तभी संभव है जिसका कभी-न-कभी प्रत्यक्ष हो सकता है ।

(ii) **नवीन वस्तुवाद :** प्रत्यय प्रतिनिधित्ववाद की त्रुटियों को देखकर लोकप्रिय वस्तुवाद को बौद्धिक आधार पर स्थापित करने का प्रयास नवीन वस्तुवाद में किया गया है । इस सिद्धान्त के प्रतिपादकों में अमेरिका के होल्ट, पेरी आदि प्रधान है तथा ग्रेटब्रिटेन के विचारकों में मूर, रसेल, एलेक्जेन्डर आदि प्रमुख हैं ।

StudentBounty.com

नवीन वस्तुवाद की मान्यताएँ हैं–

(a) ज्ञेय ज्ञाता से स्वतंत्र है ।

(b) ज्ञाता और ज्ञेय के बीच बाह्य संबंध है, जिसका अर्थ ज्ञाता के साथ संबंधित होना ज्ञेय के लिए अनिवार्य नहीं है और सम्बन्धित उसमें कोई वरिवर्तन नहीं होता ।

(c) तीसरी मान्यता है कि ज्ञाता को यथार्थ वस्तु का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है । प्रत्यय या किसी अन्य माध्यम से नहीं । भ्रांति की व्याख्या में कहा जाता है कि एक ही पदार्थ में विरोधी गुण दिखने पर भ्रांति का उद्‌भव होता है । जैसे एक ही छड़ी जमीन पर सीधी और पानी में टेढ़ी जान पड़ती है।

नवीन वस्तुवाद में भी दोष हैं–

(a) प्रकृति में विरोधी नियमों के कारण भ्रांति होना संतोषप्रद व्याख्या नहीं है । क्योंकि किसी पदार्थ पर विरोधी नियम एक साथ काम करने पर एक दूसरे के असर को समाप्त कर देते हैं ।

(b) भ्रांति में अनुभूत पदार्थ को वस्तुनिष्ठ मानना त्रुटिपूर्ण है । क्योंकि उनका आचरण वस्तुनिष्ठ पदार्थों जैसा नहीं होता है ।

(iii) **समीक्षात्मक वस्तुवाद :** इस सिद्धान्त के प्रमुख समर्थक हैं जॉर्ज सन्तायाना । इनके अनुसार ज्ञान प्रक्रिया में तीन तत्व होते हैं–ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञात पदार्थ ।

ज्ञाता ज्ञान प्राप्त करता है, जिस वस्तु का ज्ञान होता है उसे ज्ञेय कहते हैं । मन या ज्ञाता की चेतना के समकक्ष जो पदार्थ विद्यमान रहता है उसे ज्ञात पदार्थ कहते हैं । उसे प्रदत्त भी कहा जाता है । यह सिद्धान्त वास्तविक वस्तु और ज्ञात वस्तु में द्वैत मानता हैं इसके अनुसार यथार्थ वस्तुओं का प्रत्यक्ष ज्ञान होता है अनुमान करने की जरूरत नहीं पड़ती । भ्रांति की व्याख्या यह प्रदत्त के यथार्थ वस्तुओं के अनुरूप होने या न होने के आधार पर करता है ।

इस सिद्धान्त में दोष हैं–

(a) अगर प्रदत्तों को कभी नहीं देखते, सिर्फ उनके माध्यम से वस्तुओं को देखते हैं तो उन्हं ज्ञान प्रक्रिया का आवश्यक अंश नहीं माना जा सकता।

(b) यदि प्रदत्त ही हमें प्राप्त होते हैं वास्तविक पदार्थ कभी नहीं तो यह कहना कि प्रदत्तों से वास्तविक पदार्थों का ज्ञान होता है उचित नहीं है । इसका परिणाम होता है कि वाव्तसिक पदार्थ का अस्तित्व असिद्ध रह जाता है और वस्तुवाद की स्थापना नहीं हो पाती ।

(c) सत्य और असत्य की पहचान तथा भ्रान्ति की व्याख्या यह सिद्धान्त सन्तोषप्रद ढंग से नहीं करती । यदि सभी प्रदत्त यथार्थ वस्तुओं से ही उत्पन्न होते हैं तो फिर इनमें से कुछ प्रदत्त प्रतिकूल क्यों होते हैं ? इस प्रश्न का उत्तर यह सिद्धान्त नहीं दे पाता ।

भारतीय दर्शन में वस्तुवाद के कई उदाहरण मिलते हैं जैसे–जैन, बौद्ध (सौतत्रिक तथा वैभाषिक); न्याय आदि इसके समर्थक हैं। परन्तु जिस आधार पर विभिन्न पाश्चात्य वस्तुवादियों में भेद किया गया है । उस आधार पर शायद भारतीय वस्तुवाद में भेद करना संभव नहीं है।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि वस्तुवाद का कोई भी भेद कठिनाइयों से मुक्त नहीं होने के कारण यह एक सही दार्शनिक सिद्धान्त नहीं है।

**5.** परिवेशीय नीतिशास्त्र का संबंध मूलत: भौतिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक परिवेश का अध्ययन करना है अर्थात् इन तीनों परिवेश का मूल्यांकन करना ही परिवेशीय नीतिशास्त्र का उद्देश्य है । परिवेश का अर्थ है पर्यावरण ।

वैदिक काल से लेकर धर्मशास्त्र काल तक के ग्रन्थों में प्राकृतिक शक्तियों की महत्ता तथा पर्यावरण के संरक्षण, इसकी शुद्धता शुचिता एवं स्वच्छता पर प्रश्रय दिया गया है तथा सह–अस्तित्व, सामंजस्य, समन्वय के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया है । समष्टिवादी, आध्यात्मवादी और अद्वैतवादी दृष्टिकोण अपनाते हुए अधिकांश भारतीय दार्शनिक ग्रन्थों में मनुष्य और पर्यावरण के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है, जिससे कि विश्व का सर्वांगीण विकास तथा समस्त जीवों का कल्याण हो सके । अत: भारतीय जीवन व दर्शन 'पर्यावरणीय जीवन–दर्शन' का रहा है।

प्रकृति के जैविक–अजैविक तत्वों में पर्यावरण की समस्या काफी पहले से रही है लेकिन पिछले कुछ दशकों से इसका जो भयावह और विनाशकारी रूप सामने आया है, उसने पूरी मानव जाति की चेतना को झकझोर दिया हैं विकास के नाम पर मनुष्य ने प्राकृतिक संपदा का जिस बेरहमी से दोहन किया है उसके भावी दुष्परिणामों से अब वह स्वयं त्रस्त है। वस्तुत: प्रदूषण की समस्या मानवीय बुद्धि के चमत्कार से सूचित एक विषाक्त पारिस्थितिकी है। प्रदूषण की समस्या के लिए मुख्यत: वनों की निर्ममतापूर्वक कटाई, प्रकृति संसाधनों की अतिदोहन, औद्योगिक इकाइयों द्वारा उपार्जित जहरीले अवशिष्ट, ग्रीन हाउस जैसे आदि जिम्मेवार है जिनमें अधिकांशत: मानवीय गतिविधि से ही जुड़े हुए हैं ।

वर्तमान सदी में जो भयानक पारिस्थितिकी असंतुलन और पर्यावरणीय संकट है, उसका मूल कारण हमारी भौतिकवादी दृष्टिकोण, प्रयोगवादी मानसिकाता, उपभोक्तावादी प्रवृत्ति तथा प्रकृति के संबंध में एकांगी दृष्टिकोण है । इस संकट के लिए मनुष्य स्वयं जिम्मेदार हैं। इस संकट ने वर्तमान सदी के एक ज्वलन्त विषय को जन्म दिया है जिसके प्रति विश्व में व्यापक चेतना जागृत हुई है । इस प्रकार की चेतना के परिणामस्वरूप ज्ञान की एक नूतन शाखा अस्तित्व में आयी जिसे पर्यावरण या परिवेशीय नीतिशास्त्र कहा जाता है ।

इस विषय के अन्तर्गत पर्यावरणीय संकट से निवारण हेतु कई बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया जाता रहा है जिनमें प्रमुख हैं–

(i) प्रकृति के साथ संवेदनशील संबंध का विकास आवश्यक है–प्रकृति को दासी नहीं वरन् माँ का आसन देना चाहिए ।

(ii) प्रकृतिवाद शिक्षा का प्रचार अर्थात् शिक्षा के माध्यम से पर्यावरण के प्रति आध्यात्मिक दृष्टिकोण का प्रचार–प्रसार आवश्यक है।

(iii) सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन अर्थात् भौतिकवादी एवं आध्यात्मवादी दर्शन का समंजन ।

(iv) बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण ।

(v) विज्ञान का मानवतावादी दृष्टिकोण विकसित करना ।

(vi) 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का विस्तार जिससे मानवता के प्रति दायित्व में सुधार लाया जा सके ।

(vii) भारत की प्राचीन पर्यावरणीय मान्यताएँ भविष्य की दिशाएँ तय करने में सहायक हो सकती हैं ।

अत: आवश्यकता इस बात की है कि मानव जाति के भावी अस्तित्व के लिए पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रयत्न अविलम्ब प्रारम्भ हो । साथ ही मानव और पर्यावरण के अन्तर्सम्बन्ध का मूल्यांकन भी आवश्यक है ।

❑❑❑

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-II

## SECTION (खण्ड)–I

### OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

I. प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।

**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. योग दर्शन के प्रणेता है: (The Founder of Yoga's Philosophy is :)
   (A) पतंजलि Patanjali (B) कपिल Kapil (C) नागार्जुन Nagarjuna (D) रामानुज Ramanuja
2. स्याद्वाद सिद्धांत का संबंध है : (Theory of Syadvada is related to :)
   (A) जैन दर्शन से Jaina Philosophy (B) बौद्ध दर्शन से Buddha Philosophy
   (C) अ एवं ब दोनों से Both (A) and (B) (D) वेदांत से Vedanta
3. बुद्ध के चतुर्थ आर्य सत्य को कहते हैं : (The fourth Noble Truth of Buddha is called:)
   (A) दु:ख समुदाय Cause of suffering (B) दुख है There is suffering
   (C) दु:ख निरोधा मार्ग There is a way leading to the cessation of suffering
   (D) दु:ख निरोध There is a cessatiion of suffering
4. 'कर्म सिद्धान्त' को किस दर्शन में अदृष्ट के नाम से पुकारा गया है: (The theory of Karma is called 'Adrista' in the philosophy of :)
   (A) न्याय-वैशेषिक Nayay-Vaishesika (B) सांख्य Samkhya
   (C) वेदांत Vedanta (D) इनमें से कोई नहीं None of these
5. न्याय वैशेषिक के आत्मा संबंधी विचार है: (Nayaya-Vaishesikas view of soul is :)
   (A) ज्ञानमीमांसीय Epistemological (B) तत्व मीमांसीय Metaphysical
   (C) नीति मीमांसीय Ethical (D) इनमें से कोई नहीं None of these
6. बौद्ध दर्शन के अनुसार संस्कार का कारण है: (According to Buddhas philosophy the cause of impression is :)
   (A) अविद्या Ignorance (B) स्पर्श Sense Contact (C) तृष्णा Craving (D) इनमें से कोई नहीं None of these
7. अभाव के दो प्रकार हैं : (There are two kinds of non-existence :)
   (A) संसर्गाभाव None-existence of correlation (B) अन्योन्याभाव Mutual non-existence
   (C) अ एवं ब दोनों Both (A) and (B) (D) इनमें से कोई नहीं None of these
8. इनमें से कौन एक अलौकिक प्रत्यक्ष के भेद नहीं हैं : (Which one is not the kind of extraordinary perception :)
   (A) सामान्य लक्षण Perception of Classes (B) ज्ञान लक्षण Complication
   (C) योगज Intuitive perception (D) प्रत्यभिज्ञा Recognition
9. भारतीय दर्शन में आस्तिक एवं नास्तिक के विभाजन का आधार है : (What is the basis of division of orthodox and heteredox in Indian Philosophy :)
   (A) वेद Veda (B) ईश्वर God (C) अ एवं ब दोनों Both (A) and (B) (D) इनमें से कोई नहीं None of these
10. वैशेषिक दर्शन में पदार्थों की कितनी संख्या स्वीकार की गई है: (Vaishesika's Philosophy accepted how many padartha)
    (A) तीन Three (B) चार Four (C) पांच Five (D) सात Sevem
11. न्याय-दर्शन के अनुसार प्रमाणों की संख्या हैं :
    According to Nayaya Darshan how many pramans are there :
    (A) दो Two (B) तीन Three (C) चार Four (D) छ: Six
12. यम के प्रकार है : (Kinds of Yama are :)
    (A) दो Two (B) चार Four (C) छ: Six (D) इनमें से कोई नहीं None of these
13. सत्व का रंग होता है : (The Colour of Satva is :)
    (A) लाल Red (B) काला Black (C) उजला White (D) पीला Yellow
14. किसने सॉख्य दर्शन को 'प्रधानमल्ल' कहा है : (Who has called Samkya Philosophy as "Pradhanmall' :)
    (A) रामानुज Ramanuja (B) चार्वाक Charvaka (C) शंकराचार्य Shankracharya (D) निम्बकाचार्य Nimbakacharya
15. प्रत्यक्ष के लिए तीन बातों का होना जरूरी हैं : (For perception three things are necessary :)
    (A) इंद्रिय Sense (B) पदार्थ Object (C) सन्निकर्ष Sense contact (D) उपर्युक्त सभी Above all
16. जन्मजात प्रत्यय की सत्ता को स्वीकार करता है: (Who has accepted the existence of Innate Ideas:)
    (A) देकार्त Descartes (B) लॉक Lock (C) बर्कले Barkley (D) इनमें से कोई नहीं None of these

StudentBounty.com

17. किसने कहा है ''ईश्वर के विषय में ज्ञान मात्र से ही उनका अस्तित्व सिद्ध होता है'' : (Who has said "The thought of god demonstrates his Being :)
(A) प्लेटो Plato (B) ह्यूम Hume (C) केयर्ड Caird (D) रसेल Russell
18. किसने कहा है ''संप्रत्ययात्मक ज्ञान ही यथार्थ ज्ञान है'' :(Who has said "Conceptual knowledge is the real knowledge"
(A) सुकरात Socrates (B) बर्कले Barkeley (C) कांट Kant (D) इनमें से कोई नहीं None of these
19. वेदांत दर्शन के आधार हैं : (Basis of Vedanta Darshan is :)
(A) ब्रह्मसूत्र Brahmasutra (B) न्यायसूत्र Nayaysutra (C) प्रमाणशास्त्र Pramansastra (D) कोई नहीं None
20. सांख्य दर्शन हैं: (Samkhya Philosophy is :)
(A) द्वैतवादी Dualism (B) एकवादी Monism (C) निराशावादी Pessimism (D) इनमें से कोई नहीं None of these
21. शंकर के अनुसार ब्रह्म रहित है : (According to Sankara Brahman is free from :)
(A) सजातीय भेद Homogeneous distinction (B) विजातीय भेद Heterogenous distinction
(C) स्वगत भेद Internal distinction (D) उपर्युक्त सभी All of these
22. किसके द्वारा प्राप्त ज्ञान सार्वभौम एवं अनिवार्य होता है : (According to whom knowledge is universal and necessary)
(A) अनुभववादी Empiricist (B) बुद्धिवादी Rationalist (C) अ एवं ब दोनों Both (A) and (B) (D) कोई नहीं None
23. व्यापार का संबंध है : (Business should be related to :)
(A) नैतिकता से Morality (B) लाभोन्मुखी व्यवसाय से Beneficial business
24. बौद्ध दर्शन में 'मोक्ष' को कहा गया है : (In Buddha's Philosophy 'Moksha' is called :)
(A) निर्वाण Nirvan (B) कैवल्य Kaibalaya (C) अर्हत Ahart (D) इनमें से कोई नहीं None of these
25. देकार्त हैं : (Descartes is a :)
(A) बुद्धिवादी Rationalist (B) अनुभववादी Empiricist (C) समीक्षावादी Critical thinker (D) कोई नहीं None

**II. निम्नलिखित (26-30) प्रश्नों में दो कथन दिये गए है, कथन-(I) के बाद कथन-(II) को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।**

**In the following questions (26-30) there are two Statement. Statement (I) follows (II). You have to go through these Statement and mark you answer from the givn options.**

(A) I और II दोनों सही है II, I का सही स्पष्टीकरण हैं। (Both I and II are true and II is the correct explenation for I.)
(B) I और II दोनों सही है परन्तु II, I का सही स्पष्टीकरण नहीं है। Both I and R are true but II is not the correct explanation for I.
(C) I सही है पर II गलत है। (I is true but II is false) (D) I गलत है पर II सही है। (I is false but II is true.)

26. कथन (Statement)-I : सॉख्य दर्शन द्वैतवादी हैं। (Samkya Darshan is dualistic.)
कथन (Statement)-II : सॉख्य पुरूष एवं प्रकृति की दो सत्ता मानता है। (Samkhya accepts the existence of purush and prakriti.)
27. कथन (Statement)-I : जैन दर्शन के प्रणेता महावीर हैं। (The founder of Jaina Philosophy is Mahavir.)
कथन (Statement)-II : जैन दर्शन के चार आर्यसत्यों की व्याख्या की गई हैं। (There is explanation of four nobe truth in Jaina Philosophy.)
28. कथन (Statement)-I : जैन दर्शन नास्तिक दर्शन है। (Jaina Philosophy is heterodox philosophy)
कथन (Statement)-II : जैन दर्शन वेद में विश्वास नहीं करता है। (Jaina Philosophy does not believe in Vedas.)
29. कथन (Statement)-I : न्याय दर्शन के प्रणेता कपिल है। (The founder of Nayaya Philosophy is Kapil.)
कथन (Statement)-II : न्याय दर्शन में प्रमाणों की संख्या चार बताई गई है। (In Nayaya Philosophy number of Pramanas are four.)
30. कथन (Statement)-I : देकार्त्त बुद्धिवादी है। (Descartes is Rationalist.)
कथन (Statement)-II : लॉक बुद्धिवादी हैं। (Lock is a Rationalist.)

**III. प्रश्न संख्या (31-34) में दो सूची दिए गए है सूची–I की प्रविष्टियों को सूची–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**

**In the following question (31 to 34) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| | **सूची–I (List-I)** | **सूची–II (List-II)** |
|---|---|---|
| 31. | (i) अभाव पदार्थ Non Existence | (a) कांट Kant |
| 32. | (ii) स्यादवाद् Syadvada | (b) लाइबनिज Leibnitz |
| 33. | (iii) समीक्षावाद Criticism | (c) वैशेषिक दर्शन Vaishesika darshan |
| 34. | (iv) पूर्व स्थापित सामंजस्य Pre-established Harmony | (d) जैन दर्शन Jaina Philosophy |

**IV. निम्नांकित प्रश्न संख्या 35 में दिए एक उद्वरण दिया गया हैं सावधानी से इस उद्वरण को पढ़ कर समझे तथा उसके बाद नीचे दिए गए तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गए विकल्पों में से चिन्हित करें। 3×2=6**

**There is a paragraph for question. You have to understand the paragraph and then mark your answer from given options.**

35. **गद्यांश :** भारतीय दर्शन में वेद को आधार मानकर नास्तिक एवं आस्तिक संप्रदाय को बांटा गया है। इस आधार पर चार्वाक, जैन एवं बौद्ध तीनों को नास्तिक संप्रदाय के अंतर्गत रखा गया है एवं न्याय-वैशेषिक, सॉख्य-योग, मीमांसा, वेदांत को आस्तिक संप्रदाय के अंतर्गत रखा गया है। भारतीय दर्शन में प्रमाणों की संख्या छः बताई गई हैं जिसमें चार्वाक प्रत्यक्ष को ही ज्ञान प्राप्त करने का एकमात्र साधन मानता है। सही ज्ञान को प्रभा कहते हैं। जिसके द्वारा यथार्थ ज्ञान होता है उसे प्रमाण कहते हैं। ज्ञान प्राप्त करने वाले को प्रमाता कहते हैं। ज्ञान का विषय प्रमेय कहलाता है।

StudentBounty.com

In Indian Philosophy heterodox and orthodox schools are divided on the basis of the Vedas. On this ba Charvaka, Jaina and Buddha are kept under heterodox school and Nayaya-Vaiseshika. Samkhaya-Yoga. Mi Vedanta are ketp under orthodox school. In Indian Philosophy there are six pramans out of which Charvaka has a obnly perceptiion as the source of knowledge. Real knowledge is called Prama. By which we get valid knowlege is ca pramans. One who gets knowledge is known as Pramata and the matter of knowledge is called Pramaya.

I. भारतीय दर्शन संप्रदाय की संख्या हैं : (Number of schools in Indian Philosophy are :)

(A) दो Two (B) तीन Three (C) एक One (D) चार Four

II. कौन सिर्फ प्रत्यक्ष मानता है : (Who has accepted only perception :)

(A) चार्वाक Charvaka (B) न्याय Nayaya (C) रामानुज Ramanuja (D) बौद्ध Buddha

III. यथार्थ ज्ञान को कहते हैं : (Valid knowlege is called :)

(A) प्रमा Prama (B) प्रमाण Praman (C) प्रमेय Pramey (D) प्रमाता Pramata

**Or,**

**निम्नांकित प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प सही हो सकते है। ऐसे प्रश्नों में सभी सही विकल्पों को उत्तर तालिका में अंकित करें।**

**In the following questions there may be more than one correct answers. You have to mark all the correct answers.**

I. वैशेषिक दर्शन में कौन पदार्थ द्रव्य पर आश्रित हैं: (Which categories depend on substance according to vaishesika philosophy :)

(A) गुण Quality (B) कर्म Quantity (C) अभाव Non-existence (D) सामान्य Generality

II. बुद्धिवादी दार्शनिक है : (Rationalist Philosopher are :)

(A) देकार्त्त Descartes (B) सपीनोजा Spinoza (C) बर्कले Barkeley (D) इनमें से कोई नहीं None of these

III. नास्तिक दर्शन हैं : (Heterodox Philosophy are :)

(A) चार्वाक Charvaka (B) जैन Jaina (C) वेदांत Vedanata (D) न्याय Nayaya

# SECTION (खण्ड)–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघुउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है। 10 × 3 = 30**

**Question No. 1 to 10 carry 3 marks each. These questions are of short answer type.**

1. समवाय सन्निकर्ष की व्याख्या करें। (Describe Samvaya Sanikarsa.)
2. गीता में प्रस्थापित निष्काम कर्म का संक्षिपत विवेचन करें। (Discuss briefly the doctrine of Nishkama-karma as expounded in Gita.)
3. धर्म की अवधारणा को स्पष्ट व्याख्या करें। (Clearly explain the concept of Dharma.)
4. योग दर्शन के अष्टांग मार्ग का संक्षिप्त विवेचना कीजिए। (Discuss in brief the Eightfold path according to Yoga Philosophy.)
5. जीव एवं ब्रह्म में अंतर बतलावें। (Discuss in brief the Eightfold path according to Yoga Philosophy.)
6. स्वधर्म की अवधारणा की व्याख्या करें। (Explain the concept of Swadharma.)
7. शंकर का दर्शन अद्वैतवाद क्यों कहा जाता है? (Why shankar's philosophy is called Advaita-Vada?)
8. वस्तुवाद एवं प्रत्ययवाद में अंतर स्पष्ट करें। (Distinguish clearly between Realism and Idealism.)
9. मन एवं शरीर संबंध को स्पष्ट करें। (Explain the mind and relation.)
10. ईश्वर के अस्तिव संबंधी सत्तामूलक प्रमाण की व्याख्या करें। (Explain ontological proofs for the existence of God.)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 5 × 6 = 30**

**Question No. 11 to 15 carry 6 marks each. These questions are of Long answer type.**

11. वैशेषिक के अभाव नामक पदार्थ की व्याख्या करें। (Explain the Vaisheshika category of Abhava.)
12. शंकर के ब्रह्म विचार की व्याख्या करें। (Explain the views of Shankar's Brahaman.)
13. अरस्तू के कारणता सिद्धान्त की व्याख्या करें। (Explain the causation theory of Aristotle.)
14. शिक्षा नीति के उद्देश्य की व्याख्या करें। (Explain the aim of educational ethics.)
15. ईश्वर के अस्तित्व संबंधी विश्वमूलक प्रमाण की व्याख्या करें। (Explian the cosmological proofs for the existence of God.)

❑❑❑

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-III

## SECTION (खण्ड)–I

## OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

**I.** प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।

**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. आर्य सत्यों की संख्या है : (The number of noble truths are :)
   (A) दो Two (B) चार Four (C) तीन Three (D) सात Seven
2. 'सृष्टि कर्म पर निर्भ है' का तात्पर्य हैं : (The creation itself depends on actions is meant by :)
   (A) लोक संग्रह Lok Sangrah (B) पूजा Worship
   (C) संत होना Being Saint (D) इनमें से कोई नहीं None of these
3. धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष है : (Dharama, Artha, Kama and Moksha are called:)
   (A) योग के चार सोपान Four steps of yoga (B) चार पुरूषार्थ Four purasrthas
   (C) कर्म सिद्धांत Law o Karmas (D) नैतिकता Morality
4. भारतीय दर्शन सम्प्रदायों में विभाजित हैं : (Indian Philosophy is devided in to the school :)
   (A) अच्छा और बुरा Good and Bad (B) आस्तिक एवं नास्तिक Orthodox and Heterodex
   (C) वेद और पुराण Vedas and Purans (D) इनमें से कोई नहीं None of these
5. दर्शनशास्त्र का अर्थ है : (The meaning of Philosophy is)
   (A) देश हेतु प्रेम Love for country (B) ईश्वर हेतु प्रेम Love for God
   (C) आत्मा हेतु प्रेम Love for Atam (D) ज्ञान हेतु प्रेम Love for Knowledgs
6. 'ज्ञान संश्लेषणात्मक अनुभवपूर्व निर्णय हैं' सिद्धांत सम्बन्धित है : ('Knowledge is a system of synthetic a priori judgement' is related to the theory :)
   (A) बुद्धिवाद Rationalism (B) अनुभववाद Empericism
   (C) समीक्षावाद Criticism (D) इनमें से कोई नहीं None of these
7. संशयवाद के संस्थापक कौन हैं : (The founder of 'Scepticism' is :)
   (A) W.T. स्टेस W.T. State (B) ह्यूम Hume (C) कॉन्ट Kant (D) स्पिनोजा Spionza
8. 'Carito ergo sum' किसने कहा : (Who sold the stament—'Cogito ergo sum ' :)
   (A) देकार्त्त Dascartes (B) कॉन्ट Kant (C) वर्कले Burkely (D) लॉक Lock
9. वैशेषिक दर्शन के प्रणेता कौन हैं : (The founder of Vaishesika system is :)
   (A) महावीर Mahaveer (B) कणाद Kanad (C) आचार्य तुलसी Acharya Tulsi ( D) कपिल Kapil
10. वेदान्त का सम्प्रदाय है: (The school of Vedanta is :)
    (A) अणुवाद Atomism (B) महायान Mahayana
    (C) अद्वैत वेदान्त Advaita vedanta (D) शून्यवाद Shunyavad
11. वेदान्त दर्शन का आधार है : (The base of Vedanta Philosophy is :)
    (A) ब्रह्मसूत्र Brahamansutra (B) उपनिषद् Upanishads (C) गीता Gita (D) धम्मपद Dhammpad
12. न्याय दर्शन के प्रणेता कौन है: (Who is the founder of Nyaya philosophy?)
    (A) पतंजलि Patanjali (B) गौतम Gotam (C) कणाद Kanad (D) श्रीकृष्ण Srikrishna
13. अनेकान्तवाद सिद्धान्त सम्बन्धित है? (The theory of Anekantavada is related to :)
    (A) बुद्ध दर्शन Buddha Philosophy (B) चार्वाक दर्शन Charvak Philosophy
    (C) जैन दर्शन Jain Philosophy (D) वेद दर्शन Vaidic Philosophy

StudentBounty.com

14. हीनयानतथ महायान सम्प्रदाय है : (Hinayana and Mahayana are the school of :)
(A) शंकर वेदान्त Shanker Vedanta (B) बुद्ध दर्शन Buddha Philosophy
(C) न्याय Nayaya Philosophy (D) भग्वद्गीता Bhagavadgita Philosophy
15. अष्टांग योग सम्बन्धित है : (Astanga yoga is related to :)
(A) भगवान बुद्ध Lod Buddha (B) योग दर्शन Yoga Philosophy
(C) वैशेषिक Vaishesika (D) इनमें से कोई नहीं None of these
16. देकार्त्त मन तथा शरीर के सम्बन्ध की व्याख्या किया है : (Descartes has explained the relation of mind and body through :)
(A) पूर्व स्थापित सामंजस्य द्वारा Through pre-established harmony
(B) क्रिया-प्रतिक्रियावाद द्वारा Throuhg theory of interactionalism
(C) दोनों सिद्धांतों द्वारा Through both theory (D) कोई नहीं None of these
17. भारतीय दर्शन में प्रत्ययवाद का उदाहरण है : (The example of Idealism in Indian philosophy is :)
(A) योगाचार विज्ञानवाद Yogachar Vigyanvad (B) सांख्य Shankhya
(C) मीमांसा Mimansa (D) जैन Jain
18. सत्तामूलक युक्ति का प्रथम प्रयोगकर्त्ता हैं : (The first who used ontological Argument for the existence of God is :)
(A) देकार्त्त Descartes (B) एन्सेल्स Anselm (C) अरस्तू Aristotle (D) स्पिनोजा Spinoja
19. 'ईश्वर के विषय में ज्ञान मात्र से उनका अस्तित्व सिद्ध होता है?' यह सम्बन्धित है?
''Nature is but the name for an effect whose cause is God'' is concerned with :
(A) विश्व सम्बन्धी युक्ति Cosmological Argument (B) तात्विक युक्ति Ontological Argument
(C) प्रयोजनात्मक युक्ति Teleological Argument (D) इनमें से कोई नहीं None of these
20. 'Cause is qualitatively, the immediate, unconditional, invariable antecedent to the effect.' इस परिभाषा को किसने कहा : (Who said this definition 'Cause is qualitatively, the immediate, unconditional, invariable antecedent to the effect':)
(A) मिल Mill (B) कार्वेथरीड Karveth (C) हेगेल Hegel (D) गांधीजी Gandhiji
21. उपादान कारण सम्बन्धित है : (Material cause is related to :)
(A) आकार Form (B) गति Motin (C) द्रव्य Material (D) इनमें से कोई नहीं None of these
22. अरस्तु के कारणता सिद्धांत का संक्षिप्त रूप हैं : (The short form of the theory of Causation of Aristotle is known as:
(A) उपादान एवं द्रव्य Matter and essence (B) आकार एवं द्रव्य Form and matter
(C) आकार एवं दिशा Shape and direction (D) तात्कालिक एवं अनौपाधिक Immediat and Uncondional
23. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र है? (Applied philosophy is :)
(A) अधिनीतिशास्त्र Meta-ethics (B) व्यावहारिक Practical ethics (C) दोनों Both (D) इनमें से कोई नहीं None of these
24. नैतिक कर्म के लिए आवश्यक है? (Formaral action which is requied?)
(A) शुभ Good (B) उचित Right
(C) इच्छा स्वातन्त्रय Freedom of will (D) कर्म सम्पादन Performing duty
25. परिवेश का अर्थ है? (The meaning of Environment is ?)
(A) जीव-जगत् Zoological world (B) वनस्पति जगत Botaical world
(C) दोनों Both (D) इनमें से कोई नहीं None of these

**II. निम्नलिखित (26-30) प्रश्नों में दो कथन दिये गए है, कथन-(I) के बाद कथन-(II) को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।**
**In the following questions (26-30) there are two Statement. Statement (I) follows (II). You have to go through these Statement and mark you answer from the givn options.**
(A) I और II दोनों सही है II, I का सही स्पष्टीकरण हैं। (Both I and II are true and II is the correct explenation for I.)
(B) I और II दोनों सही है परन्तु II, I का सही स्पष्टीकरण नहीं है। Both I and R are true but II is not the correct explanation for I.
(C) I सही है पर II गलत है। (I is true but II is false) (D) I गलत है पर II सही है। (I is false but II is true.)
26. कथन (Statement)-I : लॉक बुद्धिवाद के समर्थक हैं। (Lock is the follower of Rationalism.)
कथन (Statement)-II: जन्मजात प्रत्यय बुद्धिवाद का मुख्य बिन्दु हैं। (Innate ideas is the main point of Rataionalism.)
27. कथन (Statement)-I : प्रयोजनात्मक युक्ति ईश्वर की सत्ता से सिद्ध करता है। (Telcological Argument proofs the existence of God.)
कथन (Statement)-II: बुद्ध दर्शन ईश्वर की सत्ता को अस्वीकार करता है। (Buddha Philosophy denies the existence of God.)

StudentBounty.com

28. कथन (Statement)-I : चार्वाक के प्रणेता पंतजलि है। (The founder of Charvaka is Patanjali.)
कथन (Statement)-II: पंतजलि योग के आठ सोपानों को स्वीकार करते हैं। (Patanjali accepts eight steps of Yoga.)

29. कथन (Statement)-I : चार्वाक दर्शन मस्तिक है। (Charvak Philosophy is heterodex.)
कथन (Statement)-II: चार्वाक वेदों में विश्वास नहीं करता है। (Charvak does not believe in Yedas.)

30. कथन (Statement)-I : न्याय दर्शन के प्रणेता गोतम हैं। (The founder of Nayaya philosophy is Gotam.)
कथन (Statement)-II: न्याय में प्रमाणों की संख्या है। ( The number of the sources of knowldege in Nayaya is four.)

**III. प्रश्न संख्या (31-34) में दो सूची दिए गए है सूची–I की प्रविष्टियों को सूची–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**
**In the following question (31 to 34) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| सूची–I (List-I) | सूची–II (List-II) |
|---|---|
| 31. अरस्तू (Aristotle) | (A) आकार एवं द्रव्य Form and Metter |
| 32. बुद्धिवाद (Rationalism) | (B) द्वैतवादी Dualist |
| 33. सांख्य (Shankhya) | (C) लाभोन्मुखी Profit-oriented |
| 34. व्यापार (Business) | (D) जन्मजात प्रत्यय Innate ideas |

**IV. निम्नांकित प्रश्न संख्या 35 में दिए एक उद्धरण दिया गया हैं सावधानी से इस उद्धरण को पढ़ कर समझे तथा उसके बाद नीचे दिए गए तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गए विकल्पों में से चिन्हित करें। 3×2=6**
**There is a paragraph for question. You have to understand the paragraph and then mark your answer from given options.**

35. **गद्यांश**–चार्वाक के ज्ञानशास्त्रीय सिद्धांत के अनुसार मात्र प्रत्यक्ष ही यथार्थ ज्ञान का साधन है। अनुमान की यथार्थता को स्वीकार करता है। अनुमान मात्र अंधोरे में सिर्फ एक कुदान सा है ऐसा विश्वास रखने के कारण चार्वक भौतिकवादी बन जाता है। चार्वाक सांसारिक सुखों में विश्वास करता है। इसकी नीति मीमांसा संकीर्ण हो जाती है क्योंकि यह मूल्य आधारित जीवन में विश्वास नहीं करता है।

The epistemological doctrine of the Charvak is that perception (Pratyaksha) is only menas of valid knowlede. The Validity een of inference is rejected. Inference is said tobe a mer leap in the dark. Due to havin this sense Charvak becomes materialistic Charvak believes in wordly pleasures. Its ethics become very naraow because it does not believe in value based life.

I. चार्वाक नीतिशास्त्र है : Charvak's ethics is :
(A) विशाल Wide (B) अच्छा Good (C) संकीर्ण Narow (D) बुरा Bad

II. चार्वाक सिर्फ विश्वास करता है : Charvak believes only in :
(A) अनुमान Inference (B) अर्थपति Arthapati (C) प्रत्चक्ष Pefceptioa (D) शब्द Shabda

III. चार्वाक पसन्द करता है: Charvak likes :
(A) मूल्य आधारित जीवन Value based life (B) सांसारिक सुख Worldly plesures
(C) अदृश्य नीतिशास्त्र Unseen ethics (D) इनमें से कोई नहीं None of these

**Or,**

**निम्नांकित प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प सही हो सकते है। ऐसे प्रश्नों में सभी सही विकल्पों को उत्तर तालिका में अंकित करें।**

**In the following questions there may be more than one correct answers. You have to mark all the correct answers.**

I. भगवद्‌गीता सीख प्रदान करती हैं: (Bhagwatgita gives us lesson:)
(A) स्वधर्म Swadharam (B) अनीश्वरवाद Atheism
(C) निराशावाद Pesimism (D) निष्काम कर्म Nishcam-karma

II. भारतीय दर्शन है : (Indian philosophy is :)
(A) आस्तित्व Orthodex (B) नास्तिक Heterodex
(C) अनैतिक Immoral (D) अनुपयोगी Un useful

III. देकार्त्त था : (Descartes was :)
(A) दार्शनिक Philosopher (B) समीक्षावाद का प्रणेता The founder of criticism
(C) बुद्धिवादी Rationalist (D) कवि Poet

StudentBounty.com

# SECTION (खण्ड)–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघुउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।** **10 × 3 = 30**

**Question No. 1 to 10 carry 3 marks each. These questions are of short answer type.**

1. गीता के स्वधर्म को परिभाषित करें। (Define Gita's Swadharma'.)
2. बौद्धदर्शन का प्रथम अर्थ आर्य सत्य क्या है? (What is the first noble truth of Buddha Philosophy?)
3. लौकिक तथा अलौकिक प्रत्यक्ष का परिचय दें। (Give introductiion of Laukik and Alaukik Perception.)
4. अद्वैत वेदान्त में ब्रह्म के स्वरूप के सम्बन्धा में बतायें। (Write the nature of Brahman in Advaita Vedata.)
5. भारतीय दर्शन का स्वरूप क्या हैं? (What is the nature of Indian Philosophy?)
6. अरस्तु के कारणता सम्बन्धी सिद्धान्त को लिखें। (Write the theory of causation according to Aristotle.)
7. ज्ञान और सत्य क्या है? (What is Knowledge and Truth.)
8. प्रत्ययवाद क्या है? स्पष्ट करें। (What is idealism? Clear it.)
9. बुद्धिवाद एवं अनुभवाद में क्या अन्तर है? (Write the ontological theory regarding the existence of God.)
10. वृत्तिपरक आचार नीति पर अपनी संक्षिप्त प्रतिक्रिया लिखें। (Write your short reaction about the moral concept of ideal occupation.)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है।** **5 × 6 = 30**

**Question No. 11 to 15 carry 6 marks each. These questions are of Long answer type.**

11. कॉण्ट का समीक्षावाद सिद्धांत क्या है? स्पष्ट विवेचित करें। (What is Kant's criticism? Explain clearly.)
12. जैन दर्शन में सप्तभंगी नय की व्याख्या कीजिए। (Explain Saptabhangi Naya of Jain Philosophy.)
13. गीता के 'निष्काम कर्म' तथा कॉण्ट के 'कर्त्तव्य के लिए' पर तुलनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करें। (Present the camparative opinion of Gita 's Nishkam-Karma and kants duty for duty shake.)
14. भारतीय दर्शन के संदर्भ में सभी पुरूषार्थों को विवेचित कीजिए। (Explain all Purusharthas in the context of Indian philosophy.)
15. परिवेश से आप क्या समझते हैं? इसके मुख्य घटकों पर अपना विवेचन प्रस्तुत कीजिए। (What do you mean by Environment? Present your opinion on its components.)

❑❑❑

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-IV

## SECTION (खण्ड)–I

## OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

I. प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।

**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. जैन दर्शन के प्रणेता हैं (The founder of Jain Philosophy is)
   (A) बुद्ध Budhha (B) गौतम Gautam (C) कपिल Kapil (D) महावीर Mahavir
2. ऋतु नियम है : (Rit is law:)
   (A) नैतिक Moral (B) धार्मिक Religious (C) राजनीतिक Political (D) इनमें से कोई नहीं None of these
3. भगवतगीता में 'योग' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में हुआ है? (In what sense is the word Yoga used in the Bhagavadgita?)
   (A) समाधिवाचक Samadhivachak (B) सम्बधवाचक Sambandhavachak
   (C) 'अ' एवं 'ब' दोनों Both A and B (D) दोनों में से कोई नहीं None of these
4. भरतीय दर्शन में यथार्थ ज्ञान कहलाता है (In Indian Philosophy real knowledge is called)
   (A) अप्रमा Aprama (B) प्रमा Prama
   (C) ख्याति Khyati (D) इनमें से कोई नहीं None of these
5. 'दर्शन' की उत्पत्ति किस धातु से हुई है? (The word 'Darshan' is originated from which verb?)
   (A) कृ धातु से Kr Verb (B) दृश् धातु से Drish Verb
   (C) लृ धातु से Lr Verb (D) इनमें से कोई नहीं None of these
6. अनेकान्तवाद की आधार शिला है: (Foundations of Anekantavad is)
   (A) न्यायवाद Theory of Nyaya (B) स्यादवाद Theory of Sydvada
   (C) मोक्ष Theory of Moksha (D) अनेकत्ववाद Pluralism
7. कारण का गुणात्मक लक्षण है : (The qualitative mark of cause is that it is :)
   (A) यह पूर्ववर्ती घटना है Anteceden (B) यह अनौपाधिक घटना है Unconditonal
   (C) यह तात्कालिक, नियम, अनौपाधिक, पूर्ववर्ती घटना Immediate, regular, unconditional, antecedent
   (D) इनमें से सभी All of these
8. न्याय, वैशेषिक, सांख्य एवं योग निम्न में से किस दार्शनिक सम्प्रदाय के आते हैं? (To which of the following philosophical communities do Nyaya, Vaiseshika, Sankhya and Yoga belong?)
   (A) आस्तिक Orthodox (B) नास्तिक Heterodox
   (C) आस्तिक एवं नास्तिक Orthodox and heterodox (D) इनमें से कोई नहीं None of these
9. बुद्धि के समर्थक हैं (The supporter (s) of rationalism is/are)
   (A) देकार्त्त Descartes (B) लाइबनीज Leibhitz (C) स्पिनोजा Spinoza (D) इनमें से सभी All of them
10. भारत के दार्शनिक सम्प्रदायों को बांटा गया है (Indina Philosophical communities have been divided into)
    (A) आस्तिक Orthodox (B) नास्तिक Heterodox
    (C) आस्तिक एवं नास्तिक Orthodox and heterodox (D) इनमें से कोई नहीं None of these
11. गीता का उपदेश है (The preaching of the Gita is)
    (A) सकाम कर्म Sakama Karma (B) निष्काम कर्म Nishkama Karma
    (C) कर्म से सन्यास Karam Sanyas (D) उपरोक्त सभी All of these
12. वैशेषिक दर्शन के प्रणेता हैं (The founder of Vaiseshika Philosophy is)
    (A) गौतम Gautam (B) कणाद Kanad (C) कपिल Kapil (D) जैमिनि Jaimini

StudentBounty.com

13. योग दर्शन में चित्तवृत्ति निरोध को कहते हैं (In Yoga philosophy Chittavriti norodh is called)
(A) प्रणायाम Pranayam (B) समाधि Samadhi (C) योग Yoga (D) इनमें से कोई नहीं None of these
14. सत्व, रज और तम गुण हैं (Satva, Raja and Tama are attributed of)
(A) आत्मा के Self (B) पुरूष के Purusa (C) प्रकृति के Prakriti (D) ब्रह्म के Brahma
15. न्याय दर्शन के प्रणेता हैं (The founder of Nyaya Philosphy is)
(A) गौतम बुद्ध Gautam Buddha (B) महर्षि गौतम Maharshi Gautam (C) कणाद Kanad (D) जैमिनि Jaimini
16. शिक्षा दर्शन एक शाखा है (Philosophy of education is a branch of )
(A) भौतिक विज्ञान Physics (B) मनोविज्ञान Psychology (C) रसायनशास्त्र Chemistry (D) दर्शनशास्त्र Philosophy
17. पर्यावरण का संबंध है : (Environment is related to)
(A) भौतिक जगत से Physical world (B) दैविक जगत से Devine world
(C) अ तथा ब दोनो से Both (A) and (B) (D) इनमें से कोई नहीं None of the above
18. कान्ट के ज्ञान सम्बन्धी विचार को कहते हैं? (Kant's theory of Knowledge is called as)
(A) अनुभववाद Empiricism (B) समीक्षावाद Criticism
(C) बुद्धिवाद Rationalism (D) इनमें से कोई नहीं None of these
19. कांट के अनुसार ज्ञान है (Accordin to kant knowledge is)
(A) प्रागुनभविक निर्णय A priori judgement (B) अनुभव सापेक्ष निर्णय Posteriori judgement
(C) संश्लेषणात्मक प्रागनुभविक निर्णय Synthetic a priori judgement (D) इनमें से कोई नहीं None of these
20. समीक्षात्मक वस्तुवाद को कहते हैं (Critical realism is called)
(The answer of objective type question is to be given on supplied OMR sheet by completely darking the appropriate answer option. For exmple if answer is (c) the you should fill it as shown by blue/black pen.

(a) (b) (●) (d)

❑

# OMR ANSWER SHEET OMR उत्तर पत्र

## परीक्षा 2010

OMR NO.

StudentBounty.com

**Instructions :**

1. All entries should be confined to the area provided.
2. In the OMR Answer Sheet the Question Nos. progress from top to bottom.
3. For marking answers, use BLACK/BLUE BALL POINT PEN ONLY.
4. Mark your Roll No. Roll Code No. Name of Exam. Centre in the boxes/space provided in the OMR Answer Sheet.
5. Fill in your Name, Signature, Subject, Date of Exam, in the space provided in the OMR Answer Sheet.
6. Mark your Answer by darkening the CIRCLE completely, like this.

**Correct Method** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

**Wrong Methods**

Ⓐ ◒ Ⓒ Ⓓ
Ⓐ ◐ Ⓒ Ⓓ
Ⓐ ◒ Ⓒ Ⓓ

7. Do not fold or make any stray marks in the OMR Answer Sheet.
8. If you do not follow the instructions given above, it may be difficult to evaluate the Answer Sheet. Any resultant loss on the above account i.e. not following the instructions completely shall be of the candidates only.

**निर्देश :**

1. सभी प्रविष्टियाँ दिये गये स्थान तक ही सीमित रखें।
2. OMR उत्तर पत्र में प्रश्न संख्या क्रमश: ऊपर से नीचे की ओर दी गई है।
3. उत्तर केवल काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन द्वारा चिह्नित करें।
4. अपना रोल नं॰ रोल कोड नं॰, परीक्षा केन्द्र का नाम OMR उत्तर पत्र से निर्दिष्ट खाली/स्थानों में/पर लिखें।
5. OMR उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना नाम, हस्ताक्षर, विषय परीक्षा का दिनांक की पूर्ति करें।
6. अपने उत्तर के घेरे का पूर्ण रूप से प्रगाढ़ करते हुए चिह्नित करें।

**सही विधि** Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

**गलत विधियाँ**

Ⓐ ◒ Ⓒ Ⓓ
Ⓐ ◐ Ⓒ Ⓓ
Ⓐ ◒ Ⓒ Ⓓ

7. OMR उत्तर पत्र को न मोड़ें अथवा उस पर जहाँ–तहाँ चिह्न न लगाएँ।
8. ऊपर दिये गये निर्देशों का पालन न किए जाने की स्थिति में उत्तर पत्रों का मूल्यांकन करना कठिन होगा। ऐसे में नतीजे की दृष्टि से किसी भी प्रकार की क्षति का जिम्मेदार केवल परीक्षार्थी होगा।

## BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD

1. Name (in BLOCK letters) / नाम (छापे के अक्षर में)
2. Date of Exam / परीक्षा की तिथि
3. Subject / विषय
4. Name of the Exam Centre / परीक्षा केन्द्र का नाम
5. Full Signature of Candidate / परीक्षार्थी का पूर्ण हस्ताक्षर
6. Invigilator's Signature / निरीक्षक का हस्ताक्षर

7. Roll Code/ रोल कोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ |
| ① | ① | ① | ① |
| ② | ② | ② | ② |
| ③ | ③ | ③ | ③ |
| ④ | ④ | ④ | ④ |
| ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ |
| ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ |
| ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ |
| ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ |

7. Roll Code/ रोल कोड

| | | | |
|---|---|---|---|
| ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ |
| ① | ① | ① | ① |
| ② | ② | ② | ② |
| ③ | ③ | ③ | ③ |
| ④ | ④ | ④ | ④ |
| ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ |
| ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ |
| ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ |
| ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ |

For answering darken the circles given below / उत्तर के लिए नीचे अंकित घेरे को प्रगाढ़ करें।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 2. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 3. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 4. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 5. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 6. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 7. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 8. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 9. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 10. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 11. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 12. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 13. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 15. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 16. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 17. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 18. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 19. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 20. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 21. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 22. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 23. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 24. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 25. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 26. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 28. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 29. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 30. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 31. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 32. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 33. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 34. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| 35. I. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| II. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| III. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| Or, I. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| II. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |
| III. | Ⓐ | Ⓑ | Ⓒ | Ⓓ |

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-I

## SECTION (खण्ड)–I

## OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

I. प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।

**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. ताना भगत आन्दोलन संबंधित हैं : (Tana Bhagat Movement is associeated with:))
(A) पिछड़ी जाति से (Backward Caste) (B) दलित से (Dalit)
(C) जनजाति से (Tribe) (D) उपरोक्त सभी (All of the above)

2. मंडल आयोग के अध्यक्ष कौन थे? (Who was the chairman of Mandal Commission?)
(A) बी. पी. मंडल (B.P. Mandal) (B) एम. एल. मंडल M. L. Mandal)
(C) भी. पी. मंडल (V. P. Mandal) (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं (None of the above)

3. निम्न विशेषताओं में से किसका संबंध जनजाति अर्थ व्यवस्था से नहीं हैं? (Which of the follwoing characteristics is not related to Tribal economy?)
(A) मुनाफाखोरी (Profiting) (B) वस्तु-विनिमय (Barter)
(C) जीवन निर्वाह (Subsistence) (D) श्रम विभाजन (Division of Labour)

4. निम्न में से कौन जनजाति की एक विशेषता नहीं हैं? (Which of the following is not a charateristics of tribe?)
(A) परिवारों का संकलन (Collection of families) (B) सामान्य भाषी (Common language)
(C) अन्तर्विवाही (Endogamous) (D) अस्पृश्य (Untouchable)

5. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार भारत को ग्रामीण जनसंख्या है लगभग (According to census reports of 2001 the village population of India is approximately:)
(A) 56 प्रतिशत (56%) (B) 65 प्रतिशत (65%) (C) 62 प्रतिशत (62%) (D) 80 प्रतिशत (80%)

6. 'चाचा' नातेदारी के किस श्रेणी के अंतर्गत आता हैं? ('Uncle' comes under which category of Kinship?)
(A) प्राथमिक (Primary) (B) द्वितीयक (Secondary)
(C) तृतीयक (Tertiary) (D) उपर्युक्त में कोई नहीं (None of the above)

7. नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति कब घोषित की गयी? (When the New National Population Policy was anounced?)
(A) 1999 (B) 2000 (C) 2001 (D) 2002

8. निम्न में से कौन परिवार की विशेषता है? (Which among the following is the characteristies of family?)
(A) सार्वभौमिकता (Universality) (B) सीमित आकार (Limited Size)
(C) भावात्मक आधार (Emotional basis) (D) उपर्युक्त सभी (All the above)

9. निम्न में से कौन जाति की विशेषता नहीं हैं? (Which among the following is not a characteristies of caste?)
(A) संस्तरण (Hierarchy) (B) अन्तर्विवाह (Endogamy)
(C) शुद्धता एवं प्रदुषण (Purity and Pollution) (D) खुलापन (Openness)

10. निम्न में से किसने 'ग्रामीण-नगरीय सातव्य' को अवधारणा के विकास में योगदान दिया ? (Who among the following contributed to the idea of Rural-urban continuum?)
(A) एम. सी. दूबे (S. C. Dube) (B) सोरोकिन (Sorokin)
(C) रेडफील्ड (Redfield) (D) कॉम्ट (Comte)

11. निम्न में से ग्रामीण समुदाय की प्रमुख विशेषता कौन हैं? (Which feature out of the following is the chief fecture of Rural commenity?)
(A) सामाजिक गतिशीलता (Social mobility) (B) बड़ा आकार (Large size)
(C) स्त्रियों की उच्च प्रस्थिति (High status of women) (D) कृषि पर आधारित (Agriculture based)

12. भारत में जनाधिक्य का मूल कारण क्या हैं? (What is the mean cause of over Population in India?)
(A) प्रजनन शक्ति (Fecundity) (B) पर्यावरण (Environment)
(C) सामाजिक सांस्कृतिक कारक (Socio-cultural factor) (D) इनमें से कोई नहीं (None of the above)

13. निम्न में से कौन राष्ट्रीय एकीकरण में बाधक हैं? (Which among the following is a barrier in National Integration.)
(A) धर्मनिरपेक्षता (Secularism) (B) साम्प्रदायिकता (Communalism)
(C) दोनों (Both) (D) उपर्युक्त में कोई नहीं (None of the above)

StudentBounty.com

14. राष्ट्रवाद का अर्थ : (Nationalism means :)
(A) सामान्य सामाजिक पृष्ठभुमि (Coommon social background) (B) सामान्य जाति पृष्ठभूमि (Common caste back
(C) सामान्य भौगोलिक पृष्ठभूमि (Common Geographical background) (D) उपर्युक्त में कोई नहीं (None of the above)
15. निम्न में से कौन भारतीय समाज की विशेषता है? (Which among the following is the charateristies of Indian Society?)
(A) अनेकता से एकता (Unity in Diversity) (B) संस्कारों द्वारा सामाजीकरण (Socialization through Rituals)
(C) पुरूषार्थ (Purusharth) (D) उपर्युक्त सभी (All the above)
16. 'संथाल विद्रोह' का नेतृत्व किसने किया था? (Who had led the 'Santhal Vidroh'?)
(A) जतरा भगत (Jatar Bhagat) (B) बिरसा मुंडा (Birsa Munda) (C) सिद्धू कान्हा (Sidhu Kanha) (D) करिया मुंडा (Karia Munda)
17. चिपको आन्दोलन संबंधित हैं? (Chipko Movement is related with:)
(A) पशुओं की रक्षा (Protection of animal) (B) जल की रक्षा (Protection of water)
(C) वृक्षों की रक्षा (Protection of tree) (D) खनिजों की रक्षा (Protection of Minerals)
18. भारत में राजनीतिक दलों को मान्यता कौन देता हैं? (Who gives recognition to the Political Parties in India?)
(A) राष्ट्रपति (President) (B) उच्चतम न्यायालय (Supreme Court) (C) संसद (Parliament) (D) चुनाव आयोग (Election Commission)
19. संस्कृतिकरण की अवधारणा किसने विकसित की? (Who developed the concept of Sanskritization?)
(A) एस. सी. दूबे (S. C. Dube) (B) एम. एन. श्रीनिवास (M. N. Srinivas)
(C) सच्चिदानंद (Sachchidanand) (D) योगेन्द्र सिंह (Yougendra Singh)
20. पंचायती राज को कितने स्तर हैं? (How many stages are of Panchayati Raj?)
(A) दो (Two) (B) तीन (Three) (C) चार (Four) (D) पाँच (Five)
21. भारतीय अर्थव्यवस्था का मॉडल किस प्रकार की हैं? (What is the model of Indian system of economy?)
(A) पूँजीवादी (Capitalistic) (B) मिश्रित (Mixed) (C) समाजवादी (Socialistic) (D) साम्यवादी (Communistic)
22. निम्न में से कौन वैश्वीकरण के प्रमुख प्रेरक हैं? (Which among the following is the important motivator of Globalisation?)
(A) बाजार की खोज (Search of a Market) (B) बहुराष्ट्रीय विनिवेश (Multianational Investment)
(C) प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रानिक एवं कम्प्यूटर (Technology, Electronics and Computer) (D) उपर्युक्त सभी (All of the above.)
23. भारतीय इतिहार के किस काल को भारतीय स्त्री जाति का 'काला युग' कहा जाता हैं? (Which Period in Indian History is known as the 'Black Era' for women in India?)
(A) ऋग्वैदिक काल (Rig Vedic Period) (B) उत्तर वैदिक काल (Later Vedic Period)
(C) ब्रिटिश काल (British Period) (D) मध्य काल (Medieval Period)
24. बिहार में ग्राम पंचायतों में महिलाओं के लिए कितने स्थान आरक्षित किए गए हैं? (How many Percentage of seats are reserved for women in Gram Panchayat in Bihar?)
(A) 25 प्रतिशत (25%) (B) 33 प्रतिशत (33%) (C) 67 प्रतिशत (67%) (D) 50 प्रतिशत (50%
25. भारत में निम्नांकित अल्प संख्यक समूहों में से जनसंख्या के आधार पर सबसे बड़ा कौन हैं? (Which of the following Minority groups in India is largest on Population basis?)
(A) ईसाई (Christian) (B) सिक्ख (Sikh) (C) बौद्ध (Budhist) (D) जैन (Jain)

**II. निम्नलिखित (26-30) प्रश्नों में दो कथन दिये गए है, कथन-(A) के बाद कथन-(R) को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।**
**In the following questions (26-30) there are two Assertion. Assertion (A) follows Reasioning (R). You have to go through these Reasioning and mark you answer from the givn options.**
(A) A और R दोनों सही है R, A का सही स्पष्टीकरण हैं। (Both A and R are true and R is the correct explenation for A.)
(B) A और R दोनों सही है परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है। Both A and R are true but R is not the correct explanation for A.
(C) A सही है पर R गलत है। (A is true but R is false)
(D) A गलत है पर R सही है। (A is false but R is true.)

26. कथन (A) : माल्थस ने दो प्रकार के अवरोध की चर्चा की: नैसर्गिक और प्रतिबंधक।
कथन (R) : नैसर्गिक अवरोध प्राकृतिक विपदा का परिणाम है जबकि प्रतिबंधक अवरोधा नैतिक सयम का।
Assertion (A) : Malthus talked about two types of checks Pasitive and Preventive
Reasioning (R) : Positive checks are result of natural disasters while Preventive cheaks are result of moral restraintis the characteristics of every social system.
27. कथन (A) : भारत में धर्म परिवर्तन करना संभव है न कि जाति।
कथन (R) : भारत में व्यक्ति जन्म से जाति प्राप्त करता है, जबकि धार्मिक समूहों की सदस्यता अर्जित की जाती है।Assertion (A) : In India, it is passible to change one's religion but not caste.
Reasioning (R) : In India an individual inharits caste by birth, while membership of religious groups is acquired
28. कथन (A) : अक्सर एक निम्न जाति का व्यक्ति घनाठ्य होने पर उच्च जाति के जीवन के तीरके तथा संस्कारों को अपनाता है।
कथन (R) : संस्कृतिकरण की प्रक्रिया नवीन अर्जित सम्पत्ति तथा निम्न सांस्कृतिक स्थिति के बीच असंगति को दूर करती है।
Assertion (A) : A low caste person usually Sanskritises his style of life and retual on becoming wealth.
Reasioning (R) : Sanskritization resolves the inconsistency between newly acquired wealth and low ritual rank

StudentBounty.com

29. कथन (A) : संयुक्त परिवार प्रणाली भारतीय ग्रामीण जीवन की एक प्रमुख विशेषता है।
कथन (R) : यह स्त्रियों की स्थिति को गिराने में सक्रिय योग दिया है।
Assertion (A) : Joint family system is an important feature of Indian Rural life.
Reasioning (R) : It has played an active role in the downfall of status of women.

30. कथन (A) : जाति एक स्तरित सामाजिक व्यवस्था है।
कथन (R) : प्रत्येक सामाजिक व्यवस्था को विशेषता जाति है।
Assertion (A) : caste is a stratified social system
Reasioning (R) : caste is the characteristics of every social system.

**III. प्रश्न संख्या (31-34) में दो सूची दिए गए है सूची–I की प्रविष्टियों को सूची–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**
**In the following question (31 to 34) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| सूची–I (List-I) | सूची–II (List-II) |
|---|---|
| 31. युवा गृह (Youth Dormitory) | (A) नातेदारी व्यवस्था (Kinship system) |
| 32. वस्तु विनिमय प्रणाली (Barter systems) | (B) जाति व्यवस्था (Caste system) |
| 33. परिहास (Jocking Relation) | (C) बाजार संस्था (Market Institution) |
| 34. अन्तर्विवाही (Endogamy) | (D) वर्ग व्यवस्था (Class system) |

**IV. निम्नांकित प्रश्न संख्या 35 में दिए एक उद्धरण दिया गया हैं सावधानी से इस उद्धरण को पढ़ कर समझे तथा उसके बाद नीचे दिए गए तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गए विकल्पों में से चिन्हित करें।** **3×2=6**
**There is a paragraph for question. You have to understand the paragraph and then mark your answer from given options.**

35. **गद्यांश**–जाति ऐसे लोगों और परिवारों का समूह होता है जो अपने को एक ही पूर्वज का वंशज मानते है और अपने सदस्यों को खान–पान, व्यवसाय, विवाह तथा सामाजिक सम्पर्क सम्बन्धी नियमों एवं प्रतिबन्धों का पालन करने पर विवश करते है।

Caste is a group of such people and families who believes that they are from one ancestors and compel the members to maintain the caste law in respect of marriage, social contact, business mode of eating and drinking

I. जाति एक बन्द वर्ग है। (Caste is a closed class.)
(A) बन्द (B) खुला
(C) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

II. जाति व्यवस्था में खान–पान पर प्रतिबन्ध नहीं होता है। (There is not any restriction regarding mode of eating and drinking in caste system.
(A) प्रतिबंध नहीं होता है (B) प्रतिबंध होता है
(C) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

III. जाति के बाहर विवाह की इजाजत जाति व्यवस्था नहीं देती। (Caste system doesnot allow to marriage out of caste.)
(A) सत्य (B) असत्य
(C) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**Or,**

**निम्नांकित प्रश्नों में एक से अधिक विकल्प सही हो सकते है। ऐसे प्रश्नों में सभी सही विकल्पों को उत्तर तालिका में अंकित करें।**

**In the following questions there may be more than one correct answers. You have to mark all the correct answers.**

I. एम. एन. श्री निवास द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत हैं– (Theories Propounded by M. N. Srinivas are:)
(A) संस्कृतिकरण (Sanskritization) (B) नगरीकरण (Urbanization)
(C) पश्चिमी करण (Westernization) (D) आधुनिकी करण (Modernization)

II. जनजातीय आंदोलन हैं : (Tribal morements are:)
(A) ताना भगत आन्दोलन (Tana Bhagat Movement) (B) तेलंगना आन्दोलन (Telagana Movement)
(C) कोल विद्रोह (Kot Revolt) (D) चिपको आन्दोलन (Chipko Movement)

III. भारतीय जाति व्यवस्था की विशेषताएँ हैं : (Features of Indian caste system are :)
(A) अर्न्तविवाही (Endogamy) (B) निश्चित व्यवसाय (Fixed occupation)
(C) परिवर्तनशील प्रकृति (Changing nature) (D) खुली व्यवस्था (Open system)

StudentBounty.com

# SECTION ( खण्ड )–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघुउत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।** **10 × 3 = 30**

**Question No. 1 to 10 carry 3 marks each. These questions are of short answer type.**

1. क्षेत्रवाद का क्या अर्थ है ? (What is meant by regionalism ?)
2. सामाजिक आन्दोलन का क्या अर्थ है ? (What is the meaning of Social Movement ?)
3. जनांकिकी की परिभाषा दें । (Define Demography.)
4. जातिवाद क्या है ? (What is Cateism ?)
5. अनुसूचित जाति से क्या तात्पर्य है ? (What is meant by Scheduled Caste ?)
6. पश्चिमीकरण से आप क्या समझते हैं ? (What do you mean by Westernization ?)
7. दबाव समूह की अवधारणा का वर्णन करें । (Describe the concept of Pressure Group.)
8. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं ? (What do you mean by Globalization ?)
9. आदिम समाज में युवा गृह के महत्व का वर्णन करें । (Describe the importance of Youth Dormitory in tribal society.)
10. संयुक्त परिवार क्या है ? (What is Joint Family ?)

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**प्रश्न संख्या 11 से 15 तक दीर्घत्तरीय कोटि के है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है।** **5 × 6 = 30**

**Question No. 11 to 15 carry 6 marks each. These questions are of Long answer type.**

11. महिला आन्दोलन पर एक समाज शास्त्रीय निबन्ध लिखें । (Write a sociological essay on Women's Movement.)
12. भारतीय जाति व्यवस्था का अर्थ और विशेषताओं का विवेचन करें । (Discuss the meaning and characteristics of caste system.)
13. पंचायती राज व्यवस्था क्या है ? ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका को स्पष्ट करें । (What is Panchayati Raj system ? Explain its role in rural reconstruction.)
14. ग्रामीण समुदाय एवं नगरीय समुदाय में अन्तर स्पष्ट करें । (Explain the difference between rural urban community.)
15. संस्कृतिकरण की अवधारणा को स्पष्ट करें । (Explain the concept of Sanskritization.)

# ANSWERS ( उत्तर )

## SECTION ( खण्ड )–I : OBJECTIVE (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (A) | 3. (A) | 4. (D) | 5. (C) |
| 6. (B) | 7. (B) | 8. (D) | 9. (D) | 10. (C) |
| 11. (D) | 12. (C) | 13. (C) | 14. (D) | 15. (D) |
| 16. (C) | 17. (C) | 18. (D) | 19. (B) | 20. (B) |
| 21. (B) | 22. (D) | 23. (D) | 24. (D) | 25. (B) |
| 26. (A) | 27. (D) | 28. (A) | 29. (A) | 30. (A) |
| 31. (D) | 32. (C) | 33. (A) | 34. (B) | |
| 35. I. (A) | II. (A) | III. (B) | | |
| Or, I. (C, D) | II. (D) | III. (A, B) | | |

StudentBounty.com

# SECTION ( खण्ड )–II

## NON-OBJECTIVE (गैर–वस्तुनिष्ठ)

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

**1.** क्षेत्रवाद का अर्थ एक विशेष क्षेत्र में रहनेवाले व्यक्तियों की उस भावना है जिसके अन्तर्गत वे अपनी एक विशेष भाषा, सामान्य संस्कृति, इतिहास और व्यवहार प्रतिमानों के आधार पर उस क्षेत्र से विशेष अपनत्व महसूस करते हैं तथा क्षेत्रीय आधार पर स्वयं को एक समूह के रूप में देखते हैं । इस अर्थ में क्षेत्रवाद की प्रकृति को स्पष्ट करते हुए लुण्डवर्ग का कथन है कि ''क्षेत्रवाद का तात्पर्य सामाजिक व्यवहारों के किसी भी एक अध्ययन से है जिसके अन्तर्गत एक विशेष भौगोगलिक क्षेत्र तथा विशेष प्रकार के व्यवहार प्रतिमानों के मध्य पाये जानेवाले सम्बन्धों पर अधिक बल दिया जाता है । इस दृष्टिकोण से क्षेत्रवाद एक तरह की विश्व पारिस्थितिकी है क्योंकि इसका अभिप्राय विभिन्न क्षेत्रों तथा प्रत्येक क्षेत्र के विभिन्न अंगों के बीच पाये जाने वाले प्रकार्यात्मक एवं सावयवी सम्बन्ध से होता है । यदि इस परिभाषा के आधार पर क्षेत्रवाद की विवेचना की जाये तो इस राष्ट्रीयता के विकास में सहायक माना जा सकता है ।

व्यवहारिक दृष्टिकोण से क्षेत्रवाद का तात्पर्य आज एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र के निवासियों की उस संकीर्ण मनोवृति से है जिसके अन्तर्गत एक क्षेत्र विशेष को केवल अपना और अपने लिए ही मानकर अपने स्वार्थपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति करने के लिए सामाजिक आर्थिक तथा राजनीतिक अलगाववाद को प्रोत्साहन देते हैं । संक्षेप में एक क्षेत्र विशेष के प्रति वहाँ के निवायिों की अन्ध–भक्ति तथा पक्षपातपूर्ण मनोवृति ही क्षेत्रवाद है ।

**2.** भारतीय समाज में सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाओं और विकास कार्यक्रमों के फलस्वरूप हमारे जीवन के सभी पक्षों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं । प्रसिद्ध समाजशास्त्री एम. एस. ए. राव के अनुसार सामाजिक आन्दोलन समाज के किसी भाग द्वारा समाज में आंशिक या पूर्ण परिवर्तन लाने के लिए किया जानेवाला संगठित प्रयत्न है। ऐसे आन्दोलनों का उद्देश्य एक विशेष परिवर्तन को प्रोत्साहन देना अथवा किसी परिवर्तन का विरोध करना होता है । प्रत्येक आन्दोलन के पीछे एक विशेष विचारधारा और कुछ लक्ष्य होते हैं । आन्दोलन का उद्देश्य दबाव के द्वारा ऐसी दशाएँ पैदा करना होता है जिससे प्रशासन अथव सरकार को एक विशेष ढंग से व्यवहार करने या नीतिगत फैसले लेने के लिए बाध्य किया जा सके ।

विभिन्न आधारों पर सामाजिक आन्दोलन अनेक प्रकार के होते हैं जिसमें सुधारवादी आन्दोलन, धार्मिक आन्दोलन, रूपान्तरकारी आन्दोलन और क्रांतिकारी आन्दोलन प्रमुख है । सारांशत: सामाजिक आन्दोलन की प्रमुख विशेषताएँ–(क) यह एक सामूहिक प्रयास है। (ख) इसका उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना है । (ग) यह संगठित और असंगठित होता है । (घ) यह शान्तिपूर्ण और हिंसात्मक होता है । (च) इसकी अवधि निश्चित नहीं होती ।

**3.** जनांकिकी शब्द का प्रयोग सबसे पहले सन् 1855 में गुडलार्ड नक किया था । जनांकिकी अंग्रेजी शब्द 'Demography' का हिन्दी रूपान्तर है । शाब्दिक रूप से डेमोग्राफी दो शब्द से मिलकर बना है । पहला शब्द है डेमस 'Demus' तथा दूसरा शब्द Graphy है पहले शब्द का तात्पर्य जनसंख्या से है जबकि दूसरे शब्द का अर्थ विवरण देने वाले विज्ञान से है । इस प्रकार शाब्दिक रूप से डेमोग्राफी वह विज्ञान है जो एक विवरण के रूप में जनसंख्या सम्बन्धी विशेषताओं को स्पष्ट करता है ।

गुडलार्ड के शब्दों में ''जनांकिकी एक गणितीय ज्ञान है जो जनसंख्या की भौतिक, सामाजिक, बौद्धिक और नैतिक दशाओं के अध्ययन से सम्बन्धित है । व्यापक अर्थो में यह मानव समाज का प्राकृतिक और सामाजिक इतिहास है ।'' संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा प्रकाशित 'जनसंख्यात्मक शब्दकोश' में लिखा गया है, ''जनांकिकी मानव जनसंख्या का वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें मुख्य रूप से जनसंख्या के आकार उसकी संरचना और विकास का विश्लेषण किया जाता है ।

**4.** जातिवाद एक उग्र भावना है जो एक जाति के सदस्यों को बिना किसी कारण के अपनी जाति के लोगों का पक्ष लेने के लिए प्रेरित करती है चाहे इससे अन्य समूहों के हितों में कितनी ही बाधा क्यों न पहुँचती हो । वर्तमान जीवन में हमारा समाज केवल चार वर्णों में विभाजित नहीं है बल्कि प्रत्येक वर्ण सैकड़ों जातियों और उपजातियों में विभाजित है । इन सभी उपजातियों के बीच भी ऊँच–नीच का संस्तरण विद्यमान है तथा प्रत्येक उपजाति अपने स्वार्थ को सर्वोच्च महत्व देने का प्रयत्न करती है । संक्षेप में अपनी जाति के प्रति पक्षपात का यही संकीर्ण भावना 'जातिवाद' है ।

डॉ॰ शर्मा का कथन है कि ''जातिवाद तथा जाति–भक्ति एक जाति के व्यक्तियों की वह भावना है जो देश या समाज के हितों का ध्यान न रखते हुए व्यक्ति को केवल अपनी जाति के उत्थान, जातीय एकता और जाति की सामाजिक स्थिति को दृढ़ करने के लिए प्रेरित करती है । श्री पणिक्कर तथा डॉ॰ नर्मदेश्वर प्रसाद ने जातिवाद के अर्थ को राजनीतिक सन्दर्भ में स्पष्ट किया है । पणिक्कर का कथन है कि ''राजनीति की भाषा में उपजाति के प्रति निष्ठा का भाव ही जातिवाद है ।'' इससे स्पष्ट होता है कि जातिवाद का पालन–पोषण राजनीतिक हितों में हुआ है तथा इसका प्रमुख कार्य व्यक्ति में अपनी ही उपजाति के प्रति निष्ठा का भाव विकसित करना है । डॉ॰ नर्मदेश्वर प्रसाद ने भी पणिक्कर के इस कथन का समर्थन किया है ।

**5.** अनुसूचित जाति शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1927 में किया गया था । अनुसूचित जातियों से अभिप्राय केवल उन जातियों से है जिन्हें स्वतंत्रता से पहले तक सामाजिक, धार्मिक तथा आर्थिक आधारों पर सभी तरह के अधिकारों से वंचित कर अछूत जातियों के रूप में देखा जाता रहा है ।

StudentBounty.com

सन् 1935 के बाद सरकारी अभिलेखों में साधारणतया अनुसूचित जाति का ही उपयोग किया गया है । भारत के संविधान के अनुच्छेद 34 में यह गया है कि किसी भी प्रदेश में राज्यपाल की सलाह से राष्ट्रपति किन्हीं भी जातियों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में घोषित कर सकता है । भारत ान में अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए अनेक प्रावधान किये हैं। संविधान की धारा 46 में प्रावधान है कि राज्य समाज के कमजोर वर्गों तथा वि अनुसूचित जातियों के शैक्षणिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करेगा तथा सामाजिक न्याय और सभी प्रकार के शोषणों से उनक सुरक्षा करेगा । इसी धारा के तहत लोकसभा, विधानसभा और पंचायती राज संस्था में इन्हें विशेष आरक्षण प्रदान किया गया है ।

**6.** भारत की सामाजिक सांस्कृतिक संरचना में परिवर्तन लाने वाली एक प्रक्रिया के रूप में एम. एन. श्रीनिवास ने पश्चिमीकरण के नाम से सम्बोधित किया । एम. एन. श्रीनिवास ने पश्चिमी के अर्थ को स्पष्ट करते हुए लिखा है 'पश्चिमीकरण का तात्पर्य भारतीय समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में पैदा होनेवाले उन सभी परिवर्तनों से है जो पश्चिम की प्रौद्योगिकी, व्यवहारों के नियमों, विचारों और सामाजिक मूल्यों से सम्बन्धित है ।' श्रीनिवास ने भारत में 150 वर्षों के ब्रिटिश शासन के फलस्वरूप यहाँ की संस्कृति और समाज में होनेवाले परिवर्तनों के लिए पश्चिमीकरण शब्द का प्रयोग किया । डॉ॰ योगेन्द्र सिंह के अनुसार पश्चिमीकरण का सम्बन्ध भारतीय समाज और संस्कृतिक पर केवल इंग्लैंड के प्रभाव से नहीं है बल्कि भारतीय समाज में पश्चिम के किसी भी देश के प्रभाव से पैदा होने वाले परिवर्तन से है । इनके अनुसार मानवतावाद, तार्किक व्यवहार, वैज्ञानिक शिक्षा, राष्ट्रीयता की भावना तथा सामाजिक सुधार पश्चिमी संस्कृतिक की प्रमुख विशेषता है ।

**7.** दबाव समूह का सरकारी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है । दबाव समूह एक हित समूह है जो अपने सदस्यों के हितों की पूर्ति के लिए सरकार पर दबाव बनाती है । दबाव समूह शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1928 में पीटर ओडिगर्ड ने अपनी पुस्तक 'दबाव की राजनीति' में प्रयुक्त किया । 20वीं सदी के 5वें दशक के बाद दबाव समूह दबाव की राजनीति तथा हित समूह जैसे शब्दों का प्रयोग निरन्तर होता रहा है । दबाव समूह को परिभाषित करते हुए आमण्ड व पावेल ने कहा है दबाव या हित समूह का अर्थ ऐसे समूह से है जो अपने हितों के लिए विशिष्ट बन्धनों से जुड़े रहते हैं तथा इन बन्धनों के प्रति जागरूक रहते हैं । दबाव समूह अपने आर्थिक हितों की पूर्ति के लिए सरकारी आदेशों, प्रशासनिक तथा न्यायिक निर्णयों को प्रभावित करने की चेष्ट करते हैं । Chamber of Commerce, श्रम संगठन, अनुसूचित जाति फेडरेशन एवं किसान सम्मेलन दबाव समूह के उदाहरण कहे जा सकते हैं ।

**8.** वैश्वीरिण एक बहुआयामी अवधारणा है जो मूलत: अर्थ व्यवस्था से सम्बन्धित है । सी॰ रंगराजन ने अपने शोध निबन्ध में स्पष्ट किया है कि वैश्वीकरण का अभिप्राय आर्थिक अर्थव्यवस्था के विभिन्न पक्षों में समन्वय है । उन्होंने स्पष्ट किया कि अर्थव्यवस्थाओं तथा समाजों के बीच सूचना, विचारों, तकनीकों, वस्तुओं, सेवाओं तथा वित्त के बीच समन्वय की प्रक्रिया के साथ वैश्वीकरण सम्बन्धित है। विभिन्न देशों के लोग तथा समाज इस प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं । गिडेन्स के अनुसार–वैश्वीकरण को समय और स्थान के आधार पर परिभाषित किया जा सकता है । वैश्वीकरण के तीन प्रमुख प्रेरक हैं–(क) बाजार की खोज (ख) बहुराष्ट्रीय विनिवेश (ग) प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्प्यूटर नेटवर्क ।

**9.** आदिम समाज में लड़के-लड़कियों के सामाजीकरण की प्रक्रिया के एक प्रमुख अभिकरण के रूप में युवा गृह का प्रकार्यात्मक महत्व है। युवा गृह आदि सामाजिक संरचना का एक विशिष्ट स्वरूप है । सामाजिक मानवशास्त्री के अध्ययन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि संध्याकाल आरम्भ होते ही लड़के-लड़कियाँ युवा गृहों में कदम रखते हैं और वहीं रात व्यतीत करते हैं। यहाँ उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों, आदिम कानूनों एवं धार्मिक त्योहारों के सम्बन्ध में जानकारियाँ दी जाती हैं । उन्हें नृत्य तथा संगीत का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विभिन्न जनजातीय समाज में युवागृहों को विभिन्न नामों से पुकारा जाता है । डा॰ मजूमदार का कहना है कि युवा गृह की सदस्याता एक निश्चित आयु पूरी होने के बाद सभी के लिए अनिवार्य है। यह सामूहिक चेतना तथा शक्ति का प्रतीक है । उरांव जनजाति में युवागृह को घूमकुरिया ।

**10.** संयुक्त परिवार भारतीय समाज की एक प्रमुख विशेषता है । के॰ एम॰ पाणिकर ने लिखा है कि हिन्दू समाज की इकाई व्यक्ति नहीं बल्कि संयुक्त परिवार है । इरावती कार्वे ने संयुक्त परिवार को ऐसे व्यक्तियों का समूह कहा है जो एक ही घर में रहते हैं एक ही रसोई में बना भोजन करते हैं, उनकी सम्पत्ति संयुक्त होती है, मिलजुल कर पूजा करते हैं तथा किसी न किसी रूप में एक-दूसरे के रक्त सम्बन्धित होते है।। आई॰ पी॰ देसाई ने संयुक्त परिवार के संगठन में तीन पीढ़ियों का रहना अनिवार्य बताया है । इनका कहना है कि इस विशेषता के बिना संयुक्त परिवार को स्पष्ट नहीं किया जा सकता । संयुक्त परिवार में कर्ता की प्रधानता होती है तथा धार्मिक क्रियाओं और परम्पराओं का व्यवस्थित रूप से अनुपालन होता है । व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास में तथा सांस्कृतिक हस्तांतरण में यह महत्वपूर्ण योगदान देती है ।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

**11.** समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से महिला आन्दोलन को एक महत्वपूर्ण सामाजिक आन्दोलन के रूप में देखा जाता है । भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने के कारण ही समय-समय पर महिलाओं ने अपने साथ होने वाले शोषण उत्पीड़न और अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई है। महिलाओं ने समान अधिकार, आर्थिक स्वतन्त्रता, धार्मिक मान्यता तलाक के अधिकार भ्रूण हत्या, पर्यावरण सुरक्षा, घरेलू हिंसा तथा स्वतंत्रता आदि समस्याओं को लेकर अनेक आन्दोलन चलाए हैं तथा ब्रह्म समाज ने भी अपने सुधार आन्दोलनों के द्वारा स्त्रियों की दशा में सुधार लाने के व्यापक प्रयत्न किये थे । स्वतंत्रता आन्दोलन के समय महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्त्रियों को पहली बार सामूहिक रूप से घर से बाहर निकलकर धरने, प्रदर्शन और सत्याग्रह में भाग लेने का अवसर मिला ।

StudentBounty.com

अनेक विद्वानों ने यह विचार व्यक्त किया है कि 1950 तथा 1960 के दशक में महिला संस्थाओं में शिथिलता तथा निष्क्रियता आ गई इसलिए महिला आन्दोलन में भी शिथिलता देखी गई । 1970 और 1980 के दशक के बीच कुछ प्रमुख महिला संस्थाओं का उदय हुआ में महिला से संबंधित मुद्दों पर आन्दोलन हुआ है जैसे दहेज विरोधी आन्दोलन सती विरोधी आन्दोलन तथा बलात्मकार विरोधी आन्दोलन। इसी में पर्यावरण से संबंधित चिपको आन्दोलन तथा शराबखोरी के खिलाफ आन्दोलन महिलाओं द्वारा चलाए गए । 1990 के दशक में स्वयंसेवी महिला संगठनों ने महिलाओं के मुद्दे को लेकर देश के विभिन्न भागों में अनेक सम्मेलन आयोजित किए । इन सम्मेलन में लैंगिक भेदभाव तथा महिलाओं की घटती जनसंख्या पर विचार-विमर्श किया गया। इसी दशक में वेश्यावृत्ति से संबंधित मामलों को राष्ट्रव्यापी बहस का विषय बनाया गया । पटना की अदिति संस्था तथा अंकुर संस्था ने 1995 में बालिका बचाओं अभियान चलाया । इस आन्दोलन के तहत भ्रूण हत्या के खिलाफ संघर्ष किया गया।

स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान निम्नलिखित राष्ट्रीय स्तर पर महिला संगठनों की भूमिका रही–(क) अखिल भारतीय महिला परिषद् (ख) अखिल भारतीय हिन्दू महिला परिषद् (ग) भारतीय महिला संघ (घ) नेशनल फेडरेशन ऑफ इण्डियन वोमेन । राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने महिला संगठनों को एक नया आधार प्रदान किया जिसमें महिला कांग्रेस कांग्रेस (आई) का दुर्गावाहिनी भारतीय जनता पार्टी का, महिला दक्षता समिति जनता दल का तथा जनवादी महिला समिति सी.पी.एम. का प्रमुख है ।

महिला आन्दोलन के करण ही सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर महिला कल्याण तथा विकास ब्यूरो, महिला समृद्धि योजना तथा इन्दिरा महिला योजना की शुरुआत की गई । महिला आन्दोलन के कारण 1993 में पंचायती राज अधिनियम में संशोधन सभी पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थानों का आरक्षण करके उनकी राजनीतिक सहभागिता को बढ़ाने का प्रयास किया गया तथा 2005 में केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू हिंसा कनून पारित कर महिलाओं के विरुद्ध होनेवाली हिंसा और अत्याचार को रोकने का प्रयास किया गया।

**12.** जाति भारतीय हिन्दू सभा का आधार हे । यह भारतीय सामाजिक संगठन की स्तरीकरण के रूप में सबसे प्रमुख आधार रही हैं प्रसिद्ध समाजशास्त्री सी. एच. कूले के अनुसार ''जब एक वर्ग पूर्णतया वंशानुक्रमण पर आधारित होता है तब हम उसे जाति कहते हैं।'' भारतीय समाजशास्त्री एन. के. दत्ता ने जाति की विस्तृत परिभाषा देते हुए लिखा है–''जाति एक सामाजिक समूह है। जिसके सदस्य अपनी जाति से बाहर शादी नहीं कर सकते, जिसमें खान-पान पर प्रतिबन्ध रहता है व्यवसाय निश्चित रहता है संस्तरण रहता है और जिसमें एक जाति से दूसरी जाति परिवर्तन संभव नहीं रहता ।

भारतीय जाति व्यवस्था की प्रकृति को उनकी प्रमुख विशेषताओं के आधार पर समझा जा सकता है । जी. एस. धुरिये, एन. के. दत्ता तथा डा. श्रीनिवास ने जाति व्यवस्था की निम्नलिखित विशेषताओं का उल्लेख किया है–

(i) **जन्म के आधार पर निर्धारण**–व्यक्ति को एक विशेष जाति की सदस्यता का जन्म तथा आनुवंशिक रूप में प्राप्त होता है । व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता है वह आजीवन उसी जाति का सदस्य बना रहता है ।

(ii) **निश्चित व्यवसाय**– जाति व्यवस्था में प्रत्येक जाति के द्वारा किया जानेवाला व्यवसास का रूप पूर्व निर्धारित है । आज भी हिन्दू समाज में एक लोहार का बेटा लोहे का काम करने वाला व्यवसाय करता है ।

(iii) **अन्तर्विवाह**–जाति व्यवस्था का सबसे कठोर नियम यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी ही जाति के अन्दर विवाह करना आवश्यक है।

(iv) **खान-पान पर प्रतिबन्ध**–प्रत्येक व्यक्ति केवल अपनी ही जाति के व्यक्तियों के द्वारा बनाये गए भोजन को ही ग्रहण करेगा। इसके बाद भी खान-पान के प्रतिबन्ध हो बच्चे और पके भोजन के रूप में दो भागों में बाँटा गया है । उच्च जाति के लोग निम्न जातियों के यहाँ सिर्फ दूध और फल ही ग्रहण कर सकते हैं ।

(v) **पवित्रता तथा अपवित्रता की धारणा**–सेनार्ट तथा ड्यूर्मा ने पवित्रता तथा अपवित्रता को धारणा को जाति विभाजन के सबसे प्रमुख आधार के रूप में स्वीकार किया है । जिन जातियों को जन्म और व्यवसाय के आधार पर अपवित्र माना गया उनसे उच्च अथवा पवित्र जातियों द्वारा सामाजिक संपर्क रखने पर कठोर प्रतिबन्ध लगाए गए हैं ।

(vi) **समाज का खंडनात्मक विभाजन**–जाति एक ऐसी व्यवस्था है जिसके द्वारा सम्पूर्ण हिन्दू समाज को विभिन्न खंडों में विभाजित करता है।

संक्षेप में जाति व्यवस्था की अवधारणा इतना जटिल है कि इन्हें चन्द विशेषताओं के आधार पर स्पष्ट नहीं किया जा सकता ।

**13.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में पंचायती व्यवस्था का दायित्व भारतीय राज्य को सौंपा गया है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के अनुसार पंचायतों को स्वशासन की इकाई माना गया है । इस अवधारणा से यह परिलक्षित होता है कि सहभागिता स्वशासन का मुख्य आधार है और निर्णय प्रक्रिया में आमजन की भागीदारी को ग्राम सभा मूर्त रूप देती है । इस संदर्भ में महात्मा गांधी की इस उक्ति को समझना होगा ''सच्ची लोकशाही केन्द्र में बैठे हुए 10-12 आदमी नहीं चला सकते । यह तो नीचे से हर गाँव के लोगों द्वारा चलायी जानी चाहिए ।'' आमजन में ऐसी चेतना के उदय से ही पंचायत के क्रियाकलाप में उनकी भागीदारी बढ़ेगी और तदुपरांत गांव स्वावलम्बी आत्मनिर्भर और मजबूत होगा ।

आमजन की भागीदारी इस बात पर निर्भर करती है कि संविधान की 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों के अनुरूप किस सीमा तक शक्ति और संसाधन प्रदान किया जा रहा है जिससे कि पंचायती राज संस्थाएँ स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने में सक्षमत हो सके । यह नितान्त आवश्यक है कि जनसहभागिता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के उपरोक्त बिन्दुओं को सही दिशा देने के लिए पंचायती राज को एक रचनात्मक आंदोलन से जोड़ा जाये । यह भारत की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और इसीलिए ग्रामीण विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं के क्रियाकलाप को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है । केन्द्र और राज्य सरकार को इन संस्थाओं के योगदान पर बल देना होगा । आज पंचायती राज के क्रियाकलाप

StudentBounty.com

में युवाशक्ति के माध्यम से व्यापक जनसहभागिता को विकास कार्यों से जोड़ना सहज होगा। नरेगा के द्वारा एक पहल जरूर हुआ है अ रहा तो नरेगा और पंचायती राज दोनों विषय विश्व समुदाय के वरदान के समान होगा ।

**14.** ग्रामीण समुदाय एवं नगरीय समुदाय के जीवन में रहन-सहन, संस्कृति, आर्थिक, राजनैतिक व्यवस्था तथा कार्य-पद्धति में व्यापक स्पष्ट रूप से दीखता है । गांव मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है तो नगर व्यसायों पर । गांववायियों का जीवन स्तर नगरवासियों की तुलना में निम्न हो है । नगर के लोग गांववालों की अपेक्षा अधिक खर्चीले होते हैं । रौस के अनुसार ''ग्रामीण जीवन सुझाव देता है ''बचाओ'' नगरीय जीवन सुझाता है ''खर्च करो'' । नगर में ग्राम की अपेक्षा खर्च के अवसर भी अधिक हैं । आराम और विलासिता पर नगर वाले अधिक खर्च करते हैं तो ग्रामवालों की खर्च की सीमा आवश्यकताओं तक ही होती है । गांव की अपेक्षा नगरों में श्रम-विभाजन एवं विशेषीकरण अधिक पाया जाता है ।

सोरोकिन और जिमरमैन ने लिखा है–''ग्रामीण समुदाय एक घड़े में श्रोत जल के समान और नगरीय समुदाय पतीली में उबरते हुए पानी के समान है ।'' एक का विशिष्ट लक्षण स्थिरता है तो दूसरे का गतिशीलता । ग्रामीण समुदाय में विविधता के स्थान पर एकरूपता अधिक है । व्यवसाय में विभिन्नताएँ नहीं है । सोच-विचार और ग्रामीण मानसिकता में समानताएँ अधिक है । यह सभी तथ्य सामूहिक भावना को सुदृढ़ करते हैं । इसीलिए ग्रामीण समाज में स्थायित्व अधिक है । नगर का व्यक्ति अपनी आर्थिक-सामाजिक स्थिति बेहतर और सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से निरन्तर एक नगर से दूसरे नगर में जीविका की खोज में जाता रहता है । सामाजिक सम्मान और धन के लिए वह कहीं भी किसी भी प्रकार का कार्य कर सकता है । इसीलिए नगर के व्यक्तियों में गतिशीलता अत्यधिक होती है ।

ग्रामीण समुदाय अपने धर्म और आचार को अत्यधिक महत्व देता है । यह उसे प्रकृति से प्राप्त हुआ है । प्रवृति की सरलता, निष्कपटता पवित्रता ने उसे ऐसा बनाया है । नगर का व्यक्ति आज धर्म और आधार को नही मानता । वह अपने स्वार्थों की पूर्त्रि के लिए धर्म और आचार दोनों को छोड़ चुका है। ग्रामीण व्यक्ति सीधा, सरल और निश्छल होता है उसमें धूर्तता और स्वार्थ नाम मात्र का होता है। इसीलिए बोर्डाड्स ने लिखा है–गाँव के व्यक्ति स्पष्ट वक्ता, निष्कण्ट एवं सत्यनिष्ठ होते हैं वे नगरीय जीवन के अनेक क्षेत्रों की कृत्रिमता से घृणा करते हैं ।

**15.** एम. एन. श्रीनिवास ने 'संस्कृतिकरण' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग कर्नाटक राज्य के अन्तर्गत कूर्ग लोगों के सामाजिक एवं धार्मिक जीवन में होनेवाले परिवर्तनों के विश्लेषण के लिए किया था। संस्कृतिकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोई निम्न हिन्दू जाति या कोई जनजाति अथवा कोई अन्य समूह किसी उच्च और प्राय: हिण या स्थानीय प्रभावी जाति की दिशा में अपने रीति-रिवाज, कर्म-काण्ड, विचारधारा और जीवन पद्धति में बदलाव लाता है ।

संस्कृतिकरण के बहुआयामी प्रभाव है इसके प्रभाव भाषा, विचार, साहित्य, संगीत, नृत्य रंगमंच-नाटक, जीवन-शैली पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है । यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि संस्कृतिकरण की प्रक्रिया विशेषकर बन्द हिन्दू सामाजिक व्यवस्था के अन्तर्गत चलती है। परिवर्तन के आंतरिक स्रोत की प्रधानता एक बन्ध समाज की विशेषता है । श्रीनिवास ने जातीय गतिशीलता को स्पष्ट करने के लिए संस्कृतिकरण शब्द का प्रयोग किया । उनके अनुसार जाति व्यवस्था उस कठोर व्यवस्था से काफी दूर है जिसमें प्रत्येक जाति की स्थिति हमेशा के लिए निश्चित कर दी जाती है। कहने का मतलब यह है कि जाति व्यवस्था गतिशीलता सदा से मौजूद रही है।

भारतीय संदर्भ में संस्कृतिकरण एक सार्वभौमिक प्रक्रिया रही है । इतिहासकार के. एम. पणिक्कर तथा एम. एन. श्रीनिवास ने प्राचीन समय से वर्तमान समय तक अनेक जातियों द्वारा ऊँचा उठने के प्रयासों के उदाहरण दिये हैं । संस्कृतिकरण निम्न जाति-जनजाति के उच्च पद प्राप्ति में सहायक न भी तब भी यह उसे मांस खाने, अशुद्ध व्यवसायों को बदलने, मद्यपान बन्द करने और कुछ सांस्कृतिक परम्पराओं विश्वासों एवं देवताओं को अपनाने से तो नहीं रोकता । इस प्रकार गतिशीलता के लक्ष्य को प्राप्त किये बिना भी संस्कृतिकरण की प्रक्रिया लोकप्रिय बना हुआ है ।

❑❑❑

StudentBounty.com

# MODEL SET (प्रारूप पत्र)-II

## SECTION (खण्ड)–I

### OBJECTIVE QUESTIONS (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

I. प्रश्न 1 से 34 तक निम्न में दिए गए चार विकल्पों में से एक ही उत्तर सही है। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।
**From Question No. 1 to 34 there is one correct answer. In each question you have to mark that correct option from the given options.** **34 × 1 = 34**

1. भारत के किस राज्य में ईसाईयों की संख्या अधिक है? (In which state christen population is more than other?)
(A) महाराष्ट्र (Maharastra) (B) मध्यप्रदेश (Madhya Pradesh)
(C) केरल (Kerala) (D) आन्ध्रप्रदेश (Andhra Pradesh)

2. भारत के लिए खतरनाक है- (Which is tha dangerous for Indian society?)
(A) सांप्रदायिकता (Communalism) (B) क्षेत्रीयता (Regionalism) (C) जातियता (Casteism) (D) सभी (All above)

3. ''जाति एक बंद वर्ग है'' किसने कहाँ? (Who has said–Caste is closed class.)
(A) मैक्स वेबर (Max Weber) (B) मेकाइवर एवं पेज (Maclaver and page)
(C) रिजले (Resley) (D) मजुमदार एवं मदन (Majumdar and Madan)

4. कौन-सा आदिवासी समाज मातृप्रधान है? (Which tribal society is matriarchal?)
(A) गारो (Garo) (B) मुण्डा (Munda) (C) संथाल (Santhal) (D) कोई नहीं (Not any one)

5. कृषि के लिए कौन परिवार अनुकूल है? (Which type of family is suitable for agriculture?)
(A) एकल परिवार (Nuclear Family) (B) संयुक्त परिवार (Joint Family)
(C) विस्तारित परिवार (Extendent Family) (D) उपरोक्त सभी (All above)

6. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना का साल है :- (Indian National Congress estabilished on:-)
(A) 1857 (B) 1905 (C) 1869 (D) 1885

7. भारत की आबादी लगभग है- (India's population is near about:)
(A) Less than 1000 million (1 अरब से कम) (B) Above 1000 million (1 अरब से ऊपर)
(C) 75 लाख (about 75 lacs) (D) कोई नहीं (Not any one)

8. साप्ताहिक बाजार कौन है :- (Which is weekly market?)
(A) जो सप्ताह में दो बार लगता है (Which organized twice in a week.)
(B) सप्ताह में एक बार (Which organized one in a week.)
(C) प्रतिदिन लगता है। (Which organized daily.)
(D) सप्ताह में तीन बार लगता है (Which organized thrice in a week.)

9. निम्न में से आदिवासी आबादी सर्वाधिक कहाँ है? (Which of following has larger tribal population?)
(A) बिहार (Bihar) (B) उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh) (C) छत्तीसगढ़ (Chhatisgarh) (D) गुजरात (Gujarat)

10. भारत के लोग मुख्य रूप से आश्रित है:- (The mostly Indian are depends on :-)
(A) नौकरी पर ( Service) (B) कृषि पर (Agriculture ) (C) व्यवसाय पर (Business ) (D) उद्योग पर (Industries)

11. जाति व्यवस्था एक : (Caste system is a :)
(A) बन्द व्यवस्था है (Closed system) (B) खुली व्यवस्था (Open system)
(C) भीड़ व्यवहार (Crowd behavior) (D) वर्ण व्यवस्था (Verna System)

12. स्त्री-पुरूष अनुपात किस राज्य में सबसे कम है? (In which state female male ration is lower?)
(A) बिहार (Bihar (B) पश्चिम बंगाल (West Bengal) (C) उड़ीसा (Orissa (D) तमिलनाडु (Tamilnadu)

13. भारत के किस राज्य में शिक्षा का दर सबसे निम्न है:- (Which state of following has lower literacy?)
(A) केरल (Kerala) (B) उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh (C) बिहार (Bihar) (D) झारखण्ड (Jharkhand)

StudentBounty.com

14. भारतीय ग्रामीण समुदाय की विशषताएँ है– (Characteristics of Indian Rural Community:-)
(A) सामान्य निश्चित क्षेत्र (Common Definite Territory) (B) सामुदायिक एकता (village Solidarity)
(C) प्राथमिक संबंधों की प्रधानता (Importance of Primary group Relation) (D) उपरोक्त सभी (All above)

15. किसने कहा :'समुदाय एक ऐसा सबसे छोटा क्षेत्रीय समूह है, जिसमें सामाजिक जीवन के सभी पहलुओं का समावेश हो जाता है। (Who has said : "The community is the smallest territorial group that can embrace all aspect of life.")
(A) बोगार्डस (Bogardus) (B) के. डेवीस (K. Devis)
(C) डी. सँडरसन (D. Sandarson ) (D) मैकाईबर और पेज (MacIver and page)

16. पर्यावरण से किस आन्दोलन का सम्बन्ध हैं? (Which is related with the movement of environment?)
(A) दलित आन्दोलन (Dalit Movement ) (B) चिपको आन्दोलन (Chipko Movement)
(C) पिछड़ा जाति आन्दोलन Backward Caste Movement) (D) आदिवासी आन्दोलन Tribal Movement )

17. जनजातीय आन्दोलन में किसने भूमिका अदा की? (Who has played important role in tribal movement?)
(A) बिरसा मुण्डा (Birsha Munda) (B) टाना भगत (Tana Bhagat)
(C) शिबु सौरेन (Sibu Soran) (D) उपरोक्त सभी (All above)

18. भारत में महिला आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका किसने निभाई थीं? (Who was palyed important role in women movement in India?)
(A) सरोजिनी नायडु (Sarojini Naidu) (B) सुचेता कृपालिनी (Sucheta Kriplani)
(C) कस्तुरबा गांधी (Kasturba Gandhi) (D) इंदिरा गांधी (Indira Gandhi)

19. सामाजिक परिवर्तन में भूमिका निभाते हैं? (Which of following play role in social charge ?)
(A) टी॰ वी॰ (T.V.) (B) समाचारपत्र (Newspaper) (C) रेडियो (Radio) (D) सभी (All)

20. औद्योगिकीकरण सबसे ज्यादा कहाँ हुआ? (Which of following state in more industrialized?)
(A) झारखंड (Jharkhand) (B) छत्तीसगढ़ (Chhatisgarh (C) उत्तराखंड (Uttarakhand) (D) महाराष्ट्र (Maharashtra

21. हरित क्रांति किस राज्य में ज्यादा सफल रहा? (In which state Green revolution became more successful?)
(A) गुजरात (Gujrat (B) असम (Assam) (C) पंजाब (Punjab (D) कर्नाटक (Karnataka)

22. भारत में पंचायती राज एक्ट कब पारित हुआ? (When Panchayati Raj Act passed in India?)
(A) 1959 (B) 1951 (C) 1952 (D) 1948

23. भूमि सुधार किस राज्य में सर्वाधिक सफल रहा? (Which state is move successful in the term of land reform?)
(A) उत्तर प्रदेश (Uttar Pradesh) (B) बिहार (Bihar) (C) पश्चिम बंगाल (W. Bengal) (D) मध्यप्रदेश (Madhya Pradesh)

24. संस्कृति करण की अवधारणा किसकी है? (Who has given the concept of Sanskritisation?)
(A) एम. एन. श्रीनिवास (M. N. Sriniwas (B) बी. आर. चौहान (B.R. Chouhan)
(C) ए. आर. देसाई (A. R. Desai (D) राधा कमल मुखर्जी (Radha Kamal Makarji

25. किसान आंदोलन के जनक कौन थे? (Who is the founder of peasant movement in India?)
(A) पं0 जवाहर लाल नेहरू (Pt. Jawaharlal Nehru) (B) स्वामी सहजानन्द सरस्वती (Swami Sahjanand Sarswati )
(C) सरदार पटेल (Sardar Patel) (D) जयप्रकाश नारायण (Jaiprakash Narayan)

**II. निम्नलिखित (26-30) प्रश्नों में दो कथन दिये गए है, कथन-(A) के बाद कथन-(R) को ध्यान से पढ़े तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प को उत्तर तालिका में चिन्हित करें।**
**In the following questions (26-30) there are two Assertion. Assertion (A) follows Reasioning (R). You have to go through these Reasioning and mark you answer from the givn options.**
(A) A और R दोनों सही है R, A का सही स्पष्टीकरण हैं। (Both A and R are true and R is the correct explenation for A.)
(B) A और R दोनों सही है परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है। Both A and R are true but R is not the correct explanation for A.
(C) A सही है पर R गलत है। (A is true but R is false)
(D) A गलत है पर R सही है। (A is false but R is true.)

26. कथन (A) : माल्थस ने दो प्रकार के अवरोध की चर्चा की: नैसर्गिक और प्रतिबंधक।
कथन (R) : नैसर्गिक अवरोध प्राकृतिक विपदा का परिणाम है जबकि प्रतिबंधक अवरोधा नैतिक सयम का।
Assertion (A) : Malthus talked about two types of checks Pasitive and Preventive
Reasioning (R) : Positive checks are result of natural disasters while Preventive cheaks are result of moral restraintis the characteristics of every social system.

StudentBounty.com

27. कथन (A) : भारत में धर्म परिवर्तन करना संभव है न कि जाति।
कथन (R) : भारत में व्यक्ति जन्म से जाति प्राप्त करता है, जबकि धार्मिक समूहों की सदस्यता अर्जित की जाती है।Assertion (A) : it is passible to change one's religion but not caste.
Reasoning (R) : In India an individual inharits caste by birth, while membership of religious groups is acquired

28. कथन (A) : अक्सर एक निम्न जाति का व्यक्ति घनाढ्य होने पर उच्च जाति के जीवन के तीरके तथा संस्कारों को अपनाता है।
कथन (R) : संस्कृतिकरण की प्रक्रिया नवीन अर्जित सम्पत्ति तथा निम्न सांस्कृतिक स्थिति के बीच असंगति को दूर करती है।
Assertion (A) : A low caste person usually Sanskritises his style of life and retual on becoming wealth.
Reasoning (R) : Sanskritization resolves the inconsistency between newly acquired wealth and low ritual rank

29. कथन (A) : संयुक्त परिवार प्रणाली भारतीय ग्रामीण जीवन की एक प्रमुख विशेषता है।
कथन (R) : यह स्त्रियों की स्थिति को गिराने में सक्रिय योग दिया है।
Assertion (A) : Joint family system is an important feature of Indian Rural life.
Reasoning (R) : It has played an active role in the downfall of status of women.

30. कथन (Assertion) (A) : जाति एक स्तरित सामाजिक व्यवस्था है।
कथन (Reasioning) (R) : प्रत्येक सामाजिक व्यवस्था को विशेषता जाति है।
Assertion (A) : caste is a stratified social system
Reasioning (R) : caste is the characteristics of every social system

**III. प्रश्न संख्या (31-34) में दो सूची दिए गए है सूची–I की प्रविष्टियों को सूची–II में दिए गए विकल्पों से सही–सही युग्मित करें।**
**In the following question (31 to 34) there are two column. You have to match Column-I to Column-II correctily.**

| सूची–I (List-I) | सूची–II (List-II) |
|---|---|
| 31. चिपको आन्दोलन (Chipko Movement) | (A) आदिवासी आन्दोलन (Tribal Movement) |
| 32. ताना भगत आन्दोलन (Tana Bhagat Movement) | (B) पर्यावरण आन्दोलन (Environment Movement ) |
| 33. तेलंगना आन्दोलन (Telangan Movement) | (C) दलित आन्दोलन (Dalit Movement) |
| 34. ग्रामीण–नगरीय सातव्य (Rural-Urban continisam) | (D) किसान आन्दोलन (Peasent Movement) |

**IV. निम्नांकित प्रश्न संख्या 35 में दिए एक उद्वरण दिया गया हैं सावधानी से इस उद्वरण को पढ़ कर समझे तथा उसके बाद नीचे दिए गए तीन प्रश्नों के सही उत्तर दिये गए विकल्पों में से चिन्हित करें। 3×2=6**
